



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 15 जून 2026




## भारत ने पाक को 64 रन से हराया

**बर्मिंघम।** भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 64 रन से हरा दिया। एजबेस्टन में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए। भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 44 गेंदों में 68 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 36 रन की पारी खेली। ऋचा घोष ने 17 बॉल पर 34 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से सादिया इकबाल और फातिमा सना ने 2-2 विकेट लिए। तस्मिया रुबाब और रामीन शमीम को 1-1 सफलता मिली।




# 50 वर्षों के नक्सल दंश से बस्तर को मिली मुक्ति : केदार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा**

**खास खबर**

50 वर्ष की नक्सल पीड़ा के दंश से बस्तर ही नहीं, बल्कि पूरे देश को मुक्ति मिली है। सैकड़ों लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उन्हें हमारी सरकार ने एक तरह से श्रद्धांजलि दी है। सुकमा में हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने यह बात कही। उन्होंने प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के एक सवाल के जवाब में कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लेना अपने आप में बड़ी बात रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इस संकल्प को पूरा करने 31 मार्च 2026 की तारीख तय की थी उस समय से ही लोगों में यह विश्वास हो गया था कि यह संकल्प पूरा होगा।

रविवार को सुकमा के स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र में हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ हो रहे इस वार्तालाप के बारे में कहा कि पहली बार मै सुकमा में इतनी रात तक आपके साथ बातचीत कर रहा हूं। रात के समय मेरे ठहरने पर चेतावनी आ जाती थी। लेकिन आज हमारी सरकार ने नक्सलवाद का समूल नाश कर शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने एक-एक कर प्रधान संपादक के सवालों का जवाब दिया।

## जिला संवाद में डॉ. हिमांशु द्विवेदी के तीखे सवालों का जिले के प्रभारी मंत्री ने दिया जवाब

- **सवाल:** नारायणपुर विधानसभा के विधायक हैं और सुकमा से प्रभारी मंत्री के रूप में लंबे समय से नाता है। नक्सल समस्या से मुक्ति के बाद यहां के विकास को किस रूप में देखते हैं?
- **जवाब:** 50 साल तक नक्सल समस्या के कारण पूरे बस्तर संभाग में विकास थम गया था। विकास की जो बात करता था उसे नक्सली मार डालते थे। सड़क, पुल, पुलिया, स्कूल,अस्पताल, पानी, बिजली की सुविधा अंदरूनी गांवों तक नहीं पहुंच पाती थी। अब नक्सल मुक्त होने से विकास तेजी से होने लगा है।
- **सवाल:** नक्सल पीड़ा का शिकार आपका परिवार भी रहा है। साथ ही काफी लोगों ने जान गंवाई है। इसे किस रूप में देखते हैं ?
- **जवाब:** ऐसे काल खंड में हम हैं, जहां केंद्र और राज्य में हमारी सरकार है और मैं सरकार का एक हिस्सा हूं। नक्सलवाद खत्म होने के साथ ही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अमित शाह ने बस्तर संभाग को पूरे देश का

▶▶| शेष पेज 7 पर



## बीजापुर में हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद आज



डॉ. हिमांशु द्विवेदी | केदार कश्यप | महेश कश्यप | विक्रम मंडावी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

जिला मुख्यालय बीजापुर के शारदा सिनेमा हॉल में सोमवार 15 जून को दोपहर साढ़े तीन बजे से हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद कार्यक्रम होगा। जिसमें जिले के जनसरोकारों और विकास से जुड़े मुद्दों पर हरिभूमि -आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवालों के जवाब कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि और अन्य विशिष्ट अतिथि देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री केदार कश्यप होंगे, साथ ही सांसद महेश कश्यप, स्थानीय

▶▶| शेष पेज 7 पर

**मोदी-मैक्रों वार्ता : दोनों देशों ने व्यापार को दोगुना कर 32 अरब डॉलर तक पहुंचाने का रखा लक्ष्य**

# भारत-फ्रांस में बड़ी डील : देश में ही बनेंगे 94 राफेल लड़ाकू विमान

**एजेंसी ▶▶| नीस (फ्रांस)**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच रविवार को बातचीत के बाद दोनों देशों ने अगले पांच वर्ष में अपने सालाना द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 16 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुना करने का लक्ष्य तय किया। इसके साथ ही फ्रांस से करीब 3.25 लाख करोड़ रुपए में 114 नए राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इस सौदे की सबसे खास बात यह है कि इनमें से 94 राफेल विमान फ्रांस में नहीं, बल्कि 'मेक इन इंडिया' के तहत भारत में ही बनाए जाएंगे।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अहम क्षेत्रों में संबंध बढ़ाने के लिए एक नवाचार रूपरेखा और संयुक्त कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ढांचा पेश किया। दोनों नेताओं के बीच हुई व्यापक वार्ता में 13 मुद्दों पर सहमति बनी, जिसमें दोनों पक्षों ने तीव्र गति रेलवे क्षेत्र में सहयोग के लिए एक घोषणा-पत्र और गोपनीय डेटा की सुरक्षा के लिए एक सुरक्षा समझौते को भी अंतिम रूप दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भारत की 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआई) प्रणाली का विस्तार पेरिस हवाई अड्डे और नीस तक करने पर भी सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार रात को अपने सप्ताहभर के फ्रांस और स्लोवाकिया के दौरे के तहत इस फ्रांसीसी शहर पहुंचे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा, भारत-फ्रांस साझेदारी नयी ऊंचाइयां छूती रहेगी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि मोदी-मैक्रों की चर्चा में द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे को शामिल किया गया,

▶▶| शेष पेज 7 पर

## फ्रांस के नीस में मोदी-मैक्रों ने द्विपक्षीय बैठक की



### प्रधानमंत्री ने ली सेल्फी

भारत इनोवेट्स 2026 प्रोग्राम के बाद राष्ट्रपति मैक्रों, प्रधानमंत्री मोदी को नीस के पास स्थित विला केरीलोस घुमाने ले गए। यह फ्रांस की प्रसिद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है। मैक्रों ने यहां पीएम के साथ सेल्फी ली और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया।



### 'मेक इन इंडिया' के मुरीद हुए राष्ट्रपति मैक्रों

कार्यक्रम के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत की जमकर तारीफ की। दोनों नेताओं ने मिलकर इस भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मैक्रों ने कहा कि भारत आज इनोवेशन का एक बड़ा केंद्र बन चुका है और दोनों देशों के बीच बेहद मजबूत और सच्चे रिश्ते हैं। राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत के विनिर्माण अभियान की सराहना करते हुए

▶▶| शेष पेज 7 पर

### भारत के डीएनए में है नवाचार : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के नीस शहर में आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम में दुनिया को भारत के बढ़ते कदमों का अहसास कराया। पीएम मोदी ने वैश्विक मंच से हुंकार भरते हुए कहा कि नवाचार भारत के डीएनए में बसा हुआ है। गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा और योग के जरिए भारत ने हजारों साल से पूरी मानवता की तरक्की का रास्ता साफ किया है।

### द्विपक्षीय वार्ता के मुख्य बिंदु

- *व्यापार : द्विपक्षीय व्यापार को अगले 5 वर्षों में 16 अरब डॉलर से बढ़ाकर दोगुना करने का लक्ष्य*
- *यूपीआई विस्तार : पेरिस और नीस हवाई अड्डों तक भारत के यूपीआई का विस्तार करने का फैसला*
- *रक्षा समझौता : फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की योजना पर चर्चा*
- *परमाणु ऊर्जा : स्मॉल और एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टर्स सहित नागरिक परमाणु ऊर्जा पर विस्तृत बातचीत*
- *टेक्नोलॉजी : इनोवेशन और नई तकनीकों के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर*

**गिलेट के मंगलसूत्र दिए जाने के मामले में विभाग ने दिया स्पष्टीकरण**

# चांदी का मंगलसूत्र देना जरूरी नहीं इसलिए गिलेट के बांटे, उनकी भी क्वालिटी निकली खराब

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मनेन्द्रगढ़**

**हरिभूमि फॉलोअप**

रतनपुर के खड़गवां ब्लॉक के चनवारीडांड में आयोजित सामूहिक विवाह में सुहागिनों को चांदी की जगह गिलेट का मंगलसूत्र दिए जाने के मामले में विभाग ने अपना पक्ष रखा है। महिला एवं बाल विकास

▶▶| शेष पेज 7 पर




### कृत्रिम मंगलसूत्र बांटे गए

उपलब्ध वित्तीय सीमा एवं बाजार मूल्य को ध्यान में रखते हुए योजना के अंतर्गत कृत्रिम (आर्टिफिशियल) मंगलसूत्र क्रय कर हितग्राहियों को प्रदान किया गया था। बाद में मंगलसूत्रों की गुणवत्ता में कमी

▶▶| शेष पेज 7 पर




**स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश**

# कक्षा से पहले पांच प्रार्थनाएं, महापुरुषों का जीवनी वाचन भी इसके बगैर भोजन नहीं, छुट्टी के समय भी तीन स्तुतियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

**खास खबर**

नवीन शैक्षणिक सत्र से स्कूलों में प्रतिदिन छात्रों को आधा दर्जन से अधिक प्रार्थनाएं प्रतिदिन गानी होगी। स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए यह किया जा रहा है। इससे वे अपनी संस्कृति तथा परंपराओं से अवगत होंगे। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शालाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे वर्णित क्रम में सभी गतिविधियां पूर्ण करें। सुबह राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत के साथ ही दीपमंत्र, सरस्वती वंदना व गुरुमंत्र छात्र गाएंगे। इसके बाद किसी भी एक महापुरूष की जीवनी का वाचन किया जाएगा।

▶▶| शेष पेज 7 पर

**शिक्षकों का तर्क-लंबे समय तक छात्रों को धूप में रखना स्वास्थ्य के लिए खतरनाक**



फोटो: एआई


### व्यवस्था पर बात, चिंता भी

*इस आदेश ने प्राचार्यों और शिक्षकों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। जहां सुबह के वक्त कक्षाएं लगती हैं, वहां छुट्टी के दौरान होने वाली प्रार्थनाएं छात्रों को धूप में करनी पड़ेगी। दोपहर में जिन छात्रों की कक्षाएं लगती हैं, उन्हें सभी प्रार्थनाएं धूप में ही करनी पड़ेगी। ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकतर स्कूलों में शेड की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में उन्हें कड़ी धूप में ही प्रार्थना करनी पड़ती है। शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, जून से लेकर सितंबर माह तक लगभग प्रतिदिन एक-दो छात्र बेहोशी या चक्कर आने की शिकायत करते हैं। संस्कृति-परंपरा*

▶▶| शेष पेज 7 पर

### कब, कौन सी प्रार्थना

- शाला प्रारंभ होने पर कक्षा के पूर्व
  1. राष्ट्रगान
  2. राष्ट्रगीत
  3. दीपमंत्र
  4. सरस्वती वंदना
  5. गुरू मंत्र
  6. महापुरुषों का जीवनी का वाचन
- मध्यान्ह भोजन में भोजन मंत्र
- संध्या के समय छुट्टी होने पर
  1. राज्यगीत
  2. गायत्री मंत्र
  3. शांति मंत्र


Chhattisgarh Business Made Easy
छत्तीसगढ़
बेहतर कल के लिए औद्योगिक विकास
नए युग के उद्योग, बढ़ता निवेश और रोजगार-आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़
अब तक ₹7.90 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त
1.5 लाख से अधिक संभावित रोजगार
50% परियोजनाएँ विशेष सेक्टर से संबंधित
नवा रायपुर में भारत का पहला एआई डेटा सेंटर पार्क
नवा रायपुर में राज्य का पहला ₹18,000+ करोड़ का सेमीकंडक्टर प्लांट
मध्य भारत का सबसे बड़ा फार्मा पार्क
भारत के अग्रणी पेट फूड ब्रांड का प्रमुख उत्पादन केंद्र
70 वर्ष पुराने राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा स्थापित एक प्रमुख मल्टी- स्पेशलिटी अस्पताल
#CGBusinessEasy
छत्तीसगढ़ की पहचान अब केवल यहाँ के प्राकृतिक संसाधनों तक सीमित नहीं है, बल्कि सुरक्षित भविष्य की दिशा में बढ़ते कदम, कल्याणकारी परियोजनाएँ, नए रोजगार के अवसर और नए दौर की आवश्यकताओं केअनुरूप मजबूत होती अर्थव्यवस्था भी इसकी पहचान बन रही है।
-विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
सुशासन से समृद्धि की ओर

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





**निर्माण के बाद से पड़ा है वीरान, खंडहर में हो रहा तब्दील, कभी ताला नहीं खुला**

**1995-96 में कराया गया था निर्माण रास्ते पर कर लिया अवैध कब्जा**

# 30 साल पहले बन चुका स्कूल भवन, पर बच्चों के कदम नहीं पड़े, वीरान स्कूल अब खंडहर

अरुण सिंह ▶▶| अंबिकापुर

हरिभूमि लगातार

झाड़ियों के बीच मौजूद यह विशाल भवन शासकीय हाईस्कूल की बिल्डिंग है। एक ऐसा भवन जो आज भी बच्चों का इन्तजार कर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि निर्माण के 30 साल बाद भी इस भवन में किसी बच्चे के कदम नहीं पड़े और ना ही कभी स्कूल भवन का ताला खुला। बच्चों की बाट जोहता वीरान स्कूल अब खंडहर में तब्दील हो गया। ▶▶|शेष पेज 7 पर





### अधिकारियों ने नहीं दिया ध्यान

भवन का निर्माण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए किया गया था लेकिन किन्ही कारणों से स्कूल का उन्नयन हाई स्कूल से हायर सेकेंडरी स्कूल में नहीं हो सका। अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया, बाद में भी किसी ने पहल नहीं की।

-रामदेव राम, पूर्व विधायक

### कराएंगे जांच

जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी। इसके लिए डीईओ को निर्देश दिया जाएगा।

-अजीत वसंत
कलेक्टर सरगुजा




**टपकती छतें जर्जर दीवारें घुटनों तक पानी और बदमाशों का डेरा**

# तरीघाट में मासूमों का भविष्य जर्जर भवनों के भरोसे

उरेन्द्र साहू ▶▶| कोपरा



गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत तरीघाट में आज भी सैकड़ों मासूम बच्चों को बुनियादी शैक्षणिक सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। नए शिक्षा सत्र की शुरुआत होने वाली है, लेकिन गांव के बच्चे आज भी जर्जर और खतरनाक भवनों के बीच अपना भविष्य गढ़ने को मजबूर हैं। हालात ऐसे हैं कि बारिश के मौसम में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, फिर भी जिम्मेदार गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

तरीघाट स्थित प्राथमिक शाला में केवल दो कमरे हैं, जो वर्षों पुराने और जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। इन्हीं दो कमरों में पांच कक्षाओं का संचालन किया ▶▶|शेष पेज 7 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा में तैनात होंगे 55 हजार जवान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में तीन जुलाई से पवित्र अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित बनाने का फुलप्रूफ प्लान तैयार कर लिया है। यात्रा मार्ग पर सेना/सीएपीएफ के 50 हजार से अधिक जवानों की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय खुफिया इकाई को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### ट्रंप के 80वें जन्मदिन पर यूएफसी 'फाइट नाइट'

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 80वें जन्मदिन के अवसर पर रविवार को व्हाइट हाउस के साउथ लॉन एक ऐतिहासिक 'फाइट नाइट' का आयोजन किया गया, जहां एक मुख्य कार्यक्रम में अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप के लड़ाके अष्टकोणीय आकार वाले 'पिंजरे' में एक-दूसरे को कड़ी चुनौती देंगे।



## अमेरिका का दावा- परमाणु हथियार नहीं बनाने पर राजी ईरान

# खुलेगा होर्मुज, अमेरिका से तेहरान को मिलेगी 25 अरब डॉलर की राहत!

अमेरिका और ईरान के बीच पिछले कई महीनों से चला आ रहा कूटनीतिक गतिरोध और तनाव अब समाप्त होने की राह पर दिख रहा है। दोनों देशों के बीच प्रस्तावित शांति समझौते का विस्तृत और अंतिम ड्राफ्ट तैयार हो गया है, जिसमें परमाणु कार्यक्रम, तेल निर्यात, होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा, फ्रीज संपत्तियों की रिहाई और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे संवेदनशील मुद्दों पर व्यापक सहमति बन गई

एजेंसी ▶▶| दुबई

वरिष्ठ ईरानी अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि अमेरिका के साथ 'समझौता ज्ञापन' का अंतिम मसौदा लगभग तैयार है। अधिकारी के अनुसार, इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सख्त नियंत्रण, होर्मुज को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए पूरी तरह खोलने और अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट जैसे अहम प्रावधान शामिल हैं। समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर के बाद दोनों पक्ष 60 दिनों के भीतर अंतिम और पूर्ण समझौते पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

ईरानी अधिकारी ने मसौदे की मुख्य बातों का खुलासा करते हुए बताया कि ईरान तुरंत सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोल देगा।



### ईरान को मिलेंगे 25 अरब डॉलर

अमेरिकी प्रतिबंधों से प्रभावित ईरानी अर्थव्यवस्था को राहत मिलेगी। अंतिम समझौते तक अमेरिका ईरान पर कोई नया आर्थिक या वित्तीय प्रतिबंध नहीं लगाएगा। साथ ही, तेल निर्यात पर लगे प्रतिबंधों को निर्धारित अवधि के लिए पूरी तरह हटा लिया जाएगा, जिससे ईरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल बेच सकेगा।

### ईरान पर कोई नया प्रतिबंध नहीं लगाएगा अमेरिका

वित्तीय मोर्चे पर अमेरिका अंतिम समझौता होने तक ईरान पर कोई नया प्रतिबंध नहीं लगाएगा। अंतिम समझौते के बाद अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रतिबंध तय समयसीमा के अनुसार हटाए जाएंगे। अमेरिका ईरान को एक निश्चित अवधि के लिए तेल बेचने और उससे होने वाली आय प्राप्त करने की अनुमति देने के लिए तेल प्रतिबंधों में भी छूट देगा।

### परमाणु कार्यक्रम पर अहम सहमति

दोनों देशों के बीच सबसे विवादास्पद मुद्दे पर भी समझौता हो गया है। ईरान ने लिखित आश्वासन दिया है कि वह न तो परमाणु हथियार विकसित करेगा और न ही उन्हें हासिल करने का कोई प्रयास करेगा। अंतिम समझौते तक ईरान परमाणु यथास्थिति बनाए रखेगा, यानी नया यूरेनियम संवर्धन नहीं करेगा, मौजूदा सुविधाओं का विस्तार नहीं करेगा और नए सेंट्रीफ्यूज स्थापित नहीं करेगा। ईरान अपने पास मौजूद अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम के भंडार को काफी हद तक कम करने पर भी सहमत हुआ है।

### इधर, बेरूत में इजरायल का हमला, भड़का ईरान



3 लोगों की मौत, 15 घायल

एक तरफ शांति वार्ता को लेकर अमेरिका और ईरान की तरफ से दावे किए जा रहे हैं, तो वहीं एक बार फिर मिडिल ईस्ट में तनाव भड़क उठा है। इजरायल ने हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए हैं। इस एयरस्ट्राइक में 3 लोगों की मौत हुई है। वहीं 15 लोग घायल हुए हैं। इस घटना के बाद से ईरान फिर भड़क गया है। इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि उसने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर सटीक हमले किए हैं। इन इलाकों को सामूहिक रूप से दहिया कहा जाता है. यह राजधानी दक्षिण में मौजूद हैं।

### हमले से भड़के ट्रंप, कहा- सब कुछ बर्बाद मत करो

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार सुबह लेबनान की राजधानी बेरूत पर हुए इजरायली हवाई हमले पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने हमले को बेहद गैर-जरूरी बताया और चेतावनी दी कि यह कार्रवाई ईरान के साथ होने वाले ऐतिहासिक शांति समझौते में बाधा बन सकती है।

# बेटियों के बालिग हो जाने से खत्म नहीं होती पिता की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बेटियों के अधिकारों को लेकर दिए एक महत्वपूर्ण निर्णय में साफ किया है कि बेटियों के बालिग हो जाने से पिता की जिम्मेदारी पूरी तरह खत्म नहीं होती है। खासकर ऐसे मामले में जब उसके पक्ष में पहले से भरण पोषण का न्यायिक आदेश लागू हो। हाईकोर्ट ने पिता की क्रिमिनल रिवीजन खारिज करते हुए फैमिली कोर्ट के आदेश को ▶▶|शेष पेज 7 पर

- हाईकोर्ट ने बेटियों के अधिकारों को लेकर दिया महत्वपूर्ण निर्णय

### पिता की नैतिक जिम्मेदारी

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि बच्चों के पालन-पोषण की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी पिता की होती है। यदि किसी सक्षम न्यायालय द्वारा पहले से भरण-पोषण का आदेश पारित किया जा चुका है, तो केवल बेटी के बालिग होने के आधार पर उससे बचा नहीं जा सकता।

### फैमिली कोर्ट के ऑर्डर में कोई गलती नहीं

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच ने अपने आदेश में यह भी कहा "फ़ैमिली कोर्ट ने याचिकाकर्ता की पूरी फ़ाइनेंशियल स्थिति और कानूनी ज़िम्मेदारियों को भी ध्यान में रखा है और रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री के आधार पर निष्कर्ष दर्ज किए हैं। अदालत का मानना है कि फ़ैमिली कोर्ट ने अपने ऑर्डर में कोई गैर-कानूनी या कमज़ोरी या अधिकार क्षेत्र की गलती नहीं की है।

## हादसों भरा दिन

### आग की अफवाह, एक ट्रेन से कूदे, दूसरी से कटे चार यात्री



**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना रेलवे स्टेशन के निकट खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के एक डिब्बे में कथित तौर पर आग लगने की अफवाह फैल गई, जिसके बाद उससे उतरने के दौरान दूसरे ट्रैक से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद घबराहट में चेन पुलिंग के बाद कुछ यात्री ट्रेन से उतर गए।

**खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी में धुआं दिखने से मची अफरा-तफरी**

#### जान बचाने कूदे और आ गई मौत

जान बचाने के लिए बिना सोचे-समझे कुछ लोग ट्रेन से कूदने लगे और रेलवे ट्रैक पर आ गए। कुछ लोग दूसरी रेल लाइन पर खड़े हो गए और उन्हें यह नहीं पता चला कि बगल की पटरी पर दिल्ली की ओर से पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन तेज रफ्तार से आ रही है।

### स्टेशन पर अभ्यर्थियों का हंगामा, ट्रेन में तोड़फोड़



**पटना।** बिहार पुलिस के मद्य निषेध विभाग की भर्ती परीक्षा को लेकर पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर भारी हंगामा हो गया। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होनी थी, जिसके लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी देर रात ही स्टेशन पहुंच गए थे। स्थिति तब बिगड़ गई जब पाटलिपुत्र से कटिहार के लिए चलाई गई एग्जाम स्पेशल ट्रेन में सवार होने को लेकर अभ्यर्थियों के बीच अफरा-तफरी मच गई।

**पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले-हवाई फायरिंग**

#### आईजी-थाना प्रभारी घायल

हंगामे के दौरान आईजी जितेंद्र राणा को हल्की चोट लगने की सूचना है। वहीं, रूपसपुर थाना प्रभारी भी मामूली रूप से घायल हुए हैं। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और तीन राउंड हवाई फायरिंग भी की।

**महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में बड़ा हादसा**

### पिकअप वैन के कुएं में गिरने से आठ की मौत

**सोलापुर।** सोलापुर जिले की मालशिरस तहसील में रविवार को एक पिकअप वैन सड़क किनारे बने कुएं में गिर गई, जिससे चार बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए।



### पहले पिटाई, फिर ट्रैक्टर से घसीटने के बाद कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेदम

खास खबर

रविवार को जमीन के वर्षों पुराने विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। जमीन पर कब्जा करने की नियत से पहुंचे दबंगों ने पहले तो ग्रामीण की बेदम पिटाई की। अपनी जान ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### लगा रहे थे चक्कर, नहीं हुई सुनवाई

पहले से भूमि पर काबिज होशराम अपनी पत्नी धनेश्वरी, पुत्र महेंद्र के साथ लगातार कलेक्टर, एसडीएम व तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहा था। लेकिन अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया।

**दोनों पक्षों को दिया आदेश बना विवाद की वजह**

बताया जा रहा है कि ग्राम सिलमा की निजी पट्टे की 6.30 भूमि धनेश्वरी पति होशराम की बड़ी सास कामेश्वरी पति झोरी के नाम पर है, कामेश्वरी ▶▶|शेष पेज 7 पर

**अमेरिकी नौसेना से कई बार मांगी गई मदद**

# समुद्र में तड़प-तड़प कर भारतीय नाविक की मौत

एजेंसी ▶▶| मस्कट

ओमान के डुक्म बंदरगाह पर खड़े एक पोत पर सवार एक भारतीय नागरिक की स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण मौत हो गई। भारतीय दूतावास ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर बताया कि मृतक की पहचान निशांत उर्थनाथन के रूप में की गई है। उसने बताया कि जब निशांत की मौत हुई उस समय वह मोटर टैंकर (एमटी) सेलेस्टियल सी पर सवार थे। खुलासा हुआ है कि एमटी सेलेस्टियल के क्रू ने रेडियो कम्युनिकेशन के जरिए अमेरिकी नौसेना के बार-बार मदद की गुहार लगाई थी, ▶▶|शेष पेज 7 पर



### ठंडी पानी की बोतलों से ढंककर रखा शव

इस मामले पर फॉरवर्ड सीमेन यूनियन ऑफ इंडिया ने कड़ी नाराजगी जताई है। एफएसयूआई की ओर से एक्स पर एक पोस्ट में लिखा गया, क्रू सदस्य स्वास्थ्य के लिए खतरनाक और डरावनी स्थिति में ठंडी पानी की बोतलों का इस्तेमाल करके शव को ठंडा रखने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही कहा कि क्षेत्रीय तनाव के बीच समय पर मेडिकल इवैक्यूएशन में देरी हुई।

### इधर, डूबते जहाज से 14 भारतीयों की बचाई जान

ओमान के तट के पास समुद्र में एक बड़ा हादसा टल गया, जब इंजन फेल होने के बाद एक भारतीय क्रू वाला जहाज डूबने लगा। समय रहते शुरू किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में सभी 14 भारतीय क्रू मेंबरों को सुरक्षित निकाल लिया गया। मस्कट स्थित भारतीय एंबेसी ने अमेरिकी नौसेना से मिली जानकारी के आधार पर कहा कि 14 जून को एमएसवी विराट-1 नाम के एक धौ (पारंपरिक मालवाहक जहाज) के डूबने की सूचना मिली थी।




# महाकाल के लड्डू प्रसाद ने रचा इतिहास, एक साल में 65 करोड़ की रिकॉर्ड बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर का प्रसिद्ध लड्डू प्रसाद अब केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि गुणवत्ता, शुद्धता और श्रद्धा का ऐसा संगम बन चुका है जिसकी मांग देशभर में लगातार बढ़ रही है। बीते एक वर्ष में श्रद्धालुओं द्वारा 65 करोड़ रुपये से अधिक का लड्डू प्रसाद खरीदा जाना इसकी लोकप्रियता और दिव्यता का प्रमाण माना जा रहा है। मंदिर प्रबंधन समिति के अनुसार प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं जो बाबा का आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद भी बड़ी मात्रा में अपने साथ ले जा रहे हैं। पिछले एक वर्ष में लगभग सात करोड़ श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए, जिसके परिणामस्वरूप लड्डू प्रसाद की बिक्री ने नया कीर्तिमान स्थापित किया।

एक मार्च 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच मंदिर के लड्डू प्रसाद की बिक्री लगभग 65 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। यह आंकड़ा पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान प्रसाद बिक्री से लगभग 54 करोड़ रुपये की आय हुई थी, जबकि उससे पहले के वर्षों में यह आंकड़ा काफी कम था।

**रागी लड्डुओं ने भी बनाई विशेष पहचान :** मंदिर प्रशासन ने पारंपरिक प्रसाद के साथ-साथ स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को भी बढ़ावा देना शुरू किया है। "श्री अन्न मिशन" के अंतर्गत रागी से तैयार किए जा रहे विशेष लड्डू श्रद्धालुओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। पोषण तत्वों से भरपूर ये लड्डू स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। धार्मिक आस्था और स्वास्थ्य के इस समन्वय ने महाकाल मंदिर के प्रसाद को नई पहचान दी है।

### महाकाल प्रसाद को मिली फाइव स्टार रेटिंग

महाकाल मंदिर के लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त हो चुकी है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा प्रसाद निर्माण इकाई को फाइव स्टार रेटिंग प्रदान की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों के उत्कृष्ट पालन के लिए मंदिर को विशेष पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है।

## आस्था और गुणवत्ता ने दिलाई विशेष पहचान

महाकाल के प्रसाद की लगातार बढ़ती बिक्री यह संकेत देती है कि बाबा महाकाल के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और मंदिर प्रशासन द्वारा बनाए रखी गई गुणवत्ता दोनों ने मिलकर प्रसाद को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाई है। यह उपलब्धि धार्मिक पर्यटन और मंदिर प्रबंधन की सफलता का भी महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर उभरी है।



### रोज तैयार हो रहे 60 क्विंटल से ज्यादा लड्डू

मंदिर में सामान्य दिनों में प्रतिदिन लगभग 60 क्विंटल से ज्यादा लड्डू प्रसाद तैयार किया जाता है, जबकि महाशिवरात्रि, सावन मास और अन्य प्रमुख धार्मिक अवसरों पर यह उत्पादन बढ़कर 150 क्विंटल प्रतिदिन तक पहुंच जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में चौबीसों घंटे प्रसाद काउंटर संचालित किए जा रहे हैं ताकि किसी भी भक्त को प्रसाद प्राप्त करने में असुविधा न हो।

**शुद्धता, भक्ति और परंपरा का अनूठा संगम :** महाकाल मंदिर का लड्डू प्रसाद केवल स्वाद के लिए ही प्रसिद्ध नहीं है, बल्कि इसके निर्माण की प्रक्रिया भी श्रद्धा और अनुशासन से जुड़ी हुई है। शुद्ध देसी घी, बेसन, रवा, शक्कर का भूरा, काजू और किशमिश जैसे उच्च गुणवत्ता वाले पदार्थों का उपयोग कर लड्डू बनाए जाते हैं। चिंतामण रोड स्थित प्रसाद निर्माण इकाई में कर्मचारी 'जय महाकाल' और 'ॐ नमः शिवाय' के उद्घोष के साथ प्रसाद तैयार करते हैं।

## खबर संक्षेप

### घुसपैठ की कोशिश कर रहे 21 लोगों को रोका



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे 21 अवैध प्रवासियों को रोक दिया। शर्मा ने कहा, ''असम पुलिस और बीएसएफ के उत्कृष्ट संयुक्त प्रयास से 21 घुसपैठियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें भारत में प्रवेश करने से रोक दिया गया।' उन्होंने इस अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी साझा नहीं की। सीएम ने कहा, सीमाओं को सुरक्षित और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए बहुआयामी रणनीति जारी है। असम के श्रीभूमि, कछार, धुबरी और दक्षिण शालमारा मानकाचर जिले बांग्लादेश के साथ 267.5 किमी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं।

### आंध्र प्रदेश के पलनाडु में नाव पलटने से चार डूबे

**पलनाडु।** आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले में रविवार को एक छोटी गैर-मोटर चालित मछली पकड़ने वाली नाव कृष्णा नदी में पलट जाने से चार लोग डूब गये। नाव में आठ लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि ये लोग नाव से नदी में गए थे और एक छोटे द्वीप से वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। सट्टेनपल्ली के पुलिस उपाधीक्षक हनुमंथ राव ने बताया, /"दो पुरुष और दो महिलाएं डूब गए। नाव पर बच्चे भी सवार थे।'' पुलिस के अनुसार, घटना उस समय हुई जब नाव किनारे से लगभग 15 मीटर दूर थी और बच्चे एक तरफ इकट्ठा हो गए, जिससे नाव पलट गई।

## टीएमसी पर छाया संकट : काकोली का दावा, बोलीं- हमारे साथ अब 22 सांसद

# टीएमसी के बागी सांसदों का नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी में विलय, बिरला से मिले

*तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों ने आज दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से उनके आवास पर मुलाकात की। टीएमसी के बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी में विलय कर लिया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात के बाद बागी टीएमसी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि बागी नेताओं ने नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी के साथ विलय किया है, यह एक राजनीतिक पार्टी है, एक मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय पार्टी है। उन्होंने कहा आगे हम देशहित में और एनडीए के साथ मिलकर काम करेंगे।असली टीएमसी कौन है, यह अदालत में तय होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों ने रविवार को दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से उनके आवास पर मुलाकात की। इससे पहले ये टीएमसी नेता बीजेपी नेता भूपेंद्र यादव से मिले। पार्टी के अंदर चल रही खींचतान के बीच, बागी तृणमूल कांग्रेस सांसद काकोली घोष दस्तीदार, सुदीप बंद्योपाध्याय, शताब्दी रॉय और अन्य रविवार को राजधानी में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के घर पहुंचे ताकि सदन में बैठने की अलग व्यवस्था की मांग कर सकें। औपचारिक तौर पर बागी आज पत्र सौंपेंगे।



### 20 नहीं अब 22 सांसद हमारे साथ : काकोली

टीएमसी सांसद काकोली घोष दस्तीदार, जो इस बागी गुट की लीडर बन गई हैं, उन्होंने कहा कि उनके साथ अब 22 सांसद हैं। इससे पहले उन्होंने 20 का दावा किया था। दो नए सांसद और जुड़े हैं, लेकिन उनके नाम अभी नहीं बताए गए। काकोली ने कहा कि जब वो लोग औपचारिक रूप से शामिल होंगे, तभी नाम सामने आएंगे।

### 19 सांसदों के दस्तखत वाला दस्तावेज आया सामने

शुक्रवार को एक कागज सामने आया जिस पर 19 टीएमसी सांसदों के दस्तखत थे। इन नामों में काकोली घोष दस्तीदार, सताब्दी रॉय, बापी हल्दर, शर्मिला सरकार, प्रसून बनर्जी, जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया, असित माल, अरूप चक्रवर्ती, कालीपद सोरेन, दीपक अधिकारी यानी देव, जून मालिया, पार्थ भौमिक, खलीलुर रहमान, अबू ताहेर खान, यूसुफ पठान, मिताली बाग और माला रॉय शामिल हैं। रचना बनर्जी और सायनी घोष के दस्तखत भी अलग से दिखे।

### बागी सांसदों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर बैठक की

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस में संकट रविवार को और गहरा गया, जब ममता बनर्जी के करीबी सुदीप बंद्योपाध्याय ने बागी गुट का समर्थन किया, और बागी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से ''मूल तृणमूल कांग्रेस'' संसदीय दल के तौर पर मान्यता मांगने से पहले केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर बैठक की। बंद्योपाध्याय ने कहा कि बागी सांसदों और विधायकों की अपील के बाद उन्होंने बागी खेमे के साथ बने रहने का फैसला किया। हालांकि, बंद्योपाध्याय ने यह भी कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपे जाने वाले पत्र पर उन्होंने अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए हैं और वे ऐसा केवल पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की मौजूदगी में ही करेंगे।

### एनडीए का साथ देने की बात

*इस बागी गुट ने यह भी कहा है कि वो केंद्र में भाजपा की अगुवाई वाली एनडीए सरकार को समर्थन देंगे। यानी यह सिर्फ पार्टी से अलग होना नहीं है, बल्कि सीधे विरोधी खेमे में जाने की तैयारी है। ज्ञात हो कि सोमवार को घोष दस्तीदार ने लगभग 20 टीएमसी सांसदों के समर्थन का दावा करते हुए कहा था कि यह गुट केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए का समर्थन करना चाहता है।*

### अब कौन-कौन सांसद बचा है टीएमसी में

*टीएमसी के कई बड़े नेता इस बागी गुट में नहीं हैं। इन नेताओं में अभिषेक बनर्जी, कल्याण बनर्जी, सौगत रॉय, महुआ मोइत्रा, कीर्ती आजाद, शत्रुघ्न सिन्हा, प्रतिमा मंडल और सज्दा अहमद के दस्तखत उस कागज पर नहीं थे जिससे माना जा रहा है कि ये सांसद अभी भी ममता बनर्जी के साथ हैं।*

## देहरादून में भड़की दो संप्रदायों में हिंसा

# हिंदू नेता की हत्या के बाद भीड़ ने आरोपी का घर फूंका




एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में एक हिंदू युवक की हत्या के बाद सांप्रदायिक तनाव फैल गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके घरों को गिराने की मांग को लेकर भीड़ ने पुलिस की मौजूदगी में पथराव कर दिया है। आरोपी के घर को आग के हवाले कर दिया गया है। इस घटना की खबर फैलने के बाद शहर में जगह-जगह आगजनी की खबर है। हिंसा फैलती देख पुलिस ने इंटरनेट बंद कर दिया है और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, आरोपियों के घर पर बुलडोजर कार्रवाई हुई है। ये पूरी हिंसा देहरादून के विकासनगर के सहसपुर थाना क्षेत्र में हुई। हिंसाग्रस्त क्षेत्र में कई थानों की पुलिस और पीएसी को तैनात किया गया है। हालांकि, पुलिस की मौजूदगी में भी हिंसा की खबरें हैं।

**पुलिस बोली- 13 पर मुकदमा, 6 गिरफ्तार :** एसपी क्राइम जितेंद्र चौधरी ने कहा, मामले में 13 लोगों को नामजद किया गया है, जबकि अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहीं घटना में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 3-4 पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैंऔर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

### पानी को लेकर शुरू हुआ विवाद

मृतक विनोद कश्यप और आरोपी परिवार के बीच खेत में पानी लगाने और पैसे को लेकर विवाद चल रहा था। घटना से एक दिन पहले भी 14,000 रुपये के लेन-देन को लेकर बातचीत हुई थी। शनिवार शाम को ट्यूबवेल से पानी डालने को लेकर भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद विनोद के परिवार पर हमला हो गया। इसमें विनोद की मौत हो गई, जबकि परिवार के 2 अन्य सदस्य घायल हो गए।

## टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो शूटरों से हथियार, कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली में टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो कथित शूटरों को अवैध हथियारों और कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि होलंबी खुर्द इलाके में उनकी गतिविधियों के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद अपराध शाखा ने विशाल पंडित और दीपांशु को पकड़ा। पुलिस के मुताबिक, दोनों के पास एक-एक गैर-कानूनी अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और छह कारतूस तथा कार भी जब्त की गई। गिरफ्तारी के समय, वे कथित तौर पर विरोधी गोगी गिरोह के सदस्यों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रहे थे।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
नकली माल से सावधान

## किसी प्रकार के आवेदन आमंत्रित नहीं किए

# फ्री लैपटॉप का दावा फर्जी केंद्र ने जारी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर तेजी से प्रसारित हो रहे एक संदेश को पूरी तरह फर्जी करार दिया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि वर्ष 2026 के लिए नेशनल स्टूडेंट लैपटॉप स्कीम के तहत छात्रों से मुफ्त लैपटॉप पाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। सरकार की तथ्य जांच एजेंसी, पीआईबी यूनिट ने इस वायरल दावे की जांच के बाद इसे पूरी तरह झूठा और भ्रामक बताया है। पीआईबी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इस नाम से कोई योजना शुरू नहीं की गई है और न ही इसके लिए किसी प्रकार के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने की सलाह

पीआईबी ने कहा कि साइबर अपराधी लोगों को आकर्षित करने के लिए ऐसी योजनाओं का झांसा देते हैं। ऐसे में सरकार ने नागरिकों को डिजिटल सतर्कता बरतने की सलाह दी है। ऐसे फर्जी लिंक पर क्लिक करने से मोबाइल फोन, बैंकिंग विवरण, आधार संख्या, ओटीपी या अन्य संवेदनशील जानकारियां साइबर अपराधियों के हाथ लग सकती हैं।

# ब्वॉय फ्रेंड ने भड़काया शादी में विवाद, कई गाड़ियां जलीं

एजेंसी ▶▶| जबलपुर



मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के पास मझौली में एक शादी का रिश्ता टूटने के बाद हालात बिगड़ गए। एक लड़की ने यह कहते हुए शादी करने से मना कर दिया कि उसे परिवार की मंजूरी चाहिए। इसके बाद उसके परिवार वालों ने उसके लिए दूसरा रिश्ता ढूंढा लेकिन तभी पुराने प्रेमी ने नए दूल्हे के घरवालों के साथ लड़की की कुछ निजी बातें और तस्वीरें साझा कर दीं। इससे यह नया रिश्ता भी टूट गया और दोनों परिवारों के बीच लड़ाई हो गई जिसमें कई गाड़ियां जला दीं गईं। हालात संभालने के लिए पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा। बताया गया कि देर रात, सराफ और तिवारी परिवारों के सदस्य स्थानीय पुलिस स्टेशन के पास मामले को सुलझाने पहुंचे थे।

### दोनों परिवारों के खिलाफ केस दर्ज

जबलपुर के पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि दोनों परिवारों के सदस्यों पर क्रॉस केस दर्ज किए गए हैं। दंगे और अन्य धाराओं में कुल 16 लोगों को नामजद किया गया है। क्षेत्र में स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और आगे की जांच जारी है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज


कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार दृश्यम-3

**नई दिल्ली।** साउथ के बेहतरीन अभिनेता मोहनलाल की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम 3' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए हैं, उनके लिए एक खुशखबरी है। प्राइम वीडियो पर 'दृश्यम 3' को 18 जून को रिलीज होगी। भारत समेत 200 से अधिक देशों के दर्शक इस फिल्म का आनंद ले सकेंगे। मलयालम के अलावा यह फिल्म तेलुगु, तमिल और कन्नड़ भाषा में डब किए गए संस्करणों में भी उपलब्ध होगी। रिलीज के बाद से ही फिल्म 'दृश्यम 3' ने अच्छा कलेक्शन किया है।

## लाइफ Style

# नोरा

## यहां तक पहुंचने के लिए जिंदगी भर मेहनत की

अभिनेत्री और बेहतरीन डांसर नोरा फतेही ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। उनका परफॉर्मेंस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। हाल ही में उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात की और शकीरा, बर्ना बॉय, केटी पेरी जैसे बड़े स्टार्स के साथ लाइन-अप का हिस्सा बनने पर भी चर्चा की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ओपनिंग सेरेमनी में अपने गाने 'सीर सीर' पर परफॉर्म करने के बारे में बात करते हुए नोरा ने बताया, 'इस अनुभव ने निश्चित रूप से एक आर्टिस्ट के तौर पर मुझे बेहतर बनाया है। यह एक सफर बेहतरीन रहा। जब मैं जनवरी में मोरक्को में एएफसीओएन मैच देख रही थी, तो मैंने हर गेम के दौरान स्टेडियम में लगभग 70,000 फैंस को 'सीर सीर' के नारे लगाते सुना और मैं हैरान रह गई। उस एनर्जी ने मुझे प्रोड्यूसर संजॉय से संपर्क करने और उनसे इस नारे का इस्तेमाल करके वर्ल्ड कप एंथम बनाने के लिए कहने के लिए प्रेरित किया।' इसके अलावा, दूसरे इंटरनेशनल स्टार्स के साथ लाइन-अप में शामिल होने के बारे में बात करते हुए बॉलीवुड एक्ट्रेस ने कहा, 'इतने बड़े मेनस्ट्रीम लाइन-अप का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक रहा है! मैं टोरंटो में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया, जबकि शकीरा और बर्ना बॉय ने मैक्सिको में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। मैंने इस लेवल तक पहुंचने और ऐसे स्टार्स के साथ मौके शेयर करने के लिए पूरी जिंदगी मेहनत की है।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसे प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनना जो अलग-अलग कल्चर और स्टाइल को एक साथ लाता है, मुझे याद दिलाता है कि ग्लोबल कनेक्शन बनाने में संगीत कितना ताकतवर हो सकता है।



## हॉलीवुड मसाला



# बेबी बंप के साथ दिखीं एलिजाबेथ

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में स्कारलेट विच का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। एलिजाबेथ ओल्सन को हाल ही में लॉस एंजिल्स के एक रेस्टोरेंट में देखा गया। उन्होंने सफेद बटन-डाउन शर्ट पहनी थी, जिसका निचला हिस्सा थोड़ा खुला था और उनका बेबी बंप साफ दिख रहा था। सड़क पर चलते हुए उन्हें अपना पेट पकड़े हुए देखा गया। अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन प्रेग्नेंट हैं और अपने म्यूजिशियन पति रॉबी अर्नेट के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।



# टॉम के पोस्ट पर फराह ने लिखी दिल की ख्वाहिश...

**मुंबई।** कोरियोग्राफर, निर्देशक और व्लॉगर फराह खान हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज के लिए क्रेजी हैं। सुपरस्टार के लिए उनकी दीवानगी किस कदर है, इसका अंदाजा उनके हालिया कमेंट से लगाया जा सकता है। हुआ यह कि टॉम क्रूज ने हाल ही में स्टीवन स्पिलबर्ग की हालिया रिलीज फिल्म 'डिस्क्लोजर डे' को लेकर पोस्ट साझा किया है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि टॉम क्रूज के हाथो में स्पिलबर्ग का बस्ट (अर्ध प्रतिमा) है। इसे देख फराह खान ने अपनी ख्वाहिश जाहिर की है। उनकी तमन्ना है कि टॉम क्रूज के हाथों में लगी वह प्रतिमा काश कोरियोग्राफर की होती। फराह ने लिखा है, 'टॉम तुम बेस्ट हो! काश कि ऐसा होता, तुमने जो बस्ट थामा हुआ है, वह मैं होती'।



# चंदू चैंपियन की रिलीज को दो साल पूरे

**नई दिल्ली।** साल 2024 में 14 जून को फिल्म 'चंदू चैंपियन' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के लिए कार्तिक ने गजब का ट्रांसफॉर्मेशन किया था। उन्होंने करीब 18 किलो वजन कम किया था। फिल्म में उनके काम को सराहा भी गया। फिल्म की दूसरी सालगिरह पर कार्तिक ने एक पोस्ट शेयर किया है। कार्तिक आर्यन ने लिखा है, 'दो साल पहले, मैंने एक ऐसे इंसान की जिंदगी को जिया, जिसे दुनिया भूल चुकी थी और उसने मुझे उन सभी चीजों की याद दिलाई जिन पर मैं यकीन करता था। मुझे पक्का नहीं पता कि मैं इसे पूरी तरह शब्दों में बयां कर पाया हूं या नहीं, लेकिन मैं कोशिश जरूर करूंगा। यह फिल्म सिर्फ एक ऐसे आदमी के बारे में नहीं है, जिसने हार मानने से इनकार कर दिया, बल्कि यह उन जख्मों के बारे में है जो मेडल बन जाते हैं।



# लेदर जैकेट लुक में नजर आए भाईजान...

**मुंबई।** लगान के 25 साल पूरे होने पर इस फिल्म को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज किया गया। इस दौरान आमिर के अच्छे दोस्त और अभिनेता सलमान खान ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सलमान खान का नया लुक देखकर आमिर और करीना के अलावा फैंस भी दंग रह गए हैं। सलमान खान इस इवेंट में छोटे बाल और हल्की ट्रिम की हुई दाढ़ी में नजर आए। इस नए लुक में वे बेहद फिट और हैंडसम लग रहे हैं। सलमान के नए लुक को देखकर फैंस पूछ रहे हैं कि क्या भाईजान का यह नया लुक निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म 'एसवीसी63' के लिए है? वहीं, इवेंट के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसी में एक वीडियो है, जिसमें निखत खान और रेखा को एक-दूसरे से मुलाकात करते देखा जा सकता है। एक वीडियो सामने आया है।

## टीवी मसाला




# अनिल लेकर आ रहे हैं रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%'

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस अपने टेलीविजन दर्शकों के लिए एक नया और अलग अनुभव लेकर आ रहा है। चैनल अपना नया रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%' पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। यह शो प्रतिभागियों की समझ, तर्कशक्ति, नजरिए और तेजी से फैसले लेने की क्षमता को परखने वाला एक रोमांचक मुकाबला होगा। आज के दौर में जहां हर तरफ जानकारी की भरमार है, 'इंडिया के टॉप 1%' एक अलग सवाल पूछता है- क्या आप अपनी सोच और समझ के दम पर सबसे आगे निकल सकते हैं? यह शो पारंपरिक क्विज कार्यक्रमों से बिल्कुल अलग है, जहां सिर्फ याद की हुई जानकारी या किताबों का ज्ञान मायने नहीं रखता। इस नए फॉर्मेट में तर्कशक्ति, सामान्य समझ, तेज सोच और दबाव में सही फैसला लेने की क्षमता को सबसे अधिक महत्व दिया जाएगा. शो में आने वाली हर चुनौती इस बात की परीक्षा होगी कि प्रतिभागी जानकारी को कितनी जल्दी समझते हैं, पैटर्न को कैसे पहचानते हैं, समस्याओं का समाधान कैसे निकालते हैं और अहम समय पर कितनी तेजी से सही निर्णय लेते हैं। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ेगा, चुनौतियां भी कठिन होती जाएंगी और सबसे तेज दिमाग वाले प्रतिभागी ही अंत तक टिक पाएंगे। सभी का लक्ष्य एक ही होगा- भारत के टॉप 1% सोचने-समझने वाले लोगों में अपनी जगह बनाना। शो के बारे में बात करते हुए, अनिल कपूर ने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत ऐसे लोगों का देश है, जिनकी समझ, नजर और व्यवहारिक बुद्धिमत्ता कमाल की होती है।

## 38 की उम्र में मां बनीं सुरभि

**नई दिल्ली।** टेलीविजन अभिनेत्री सुरभि ज्योति 38 की उम्र में मां बन गई हैं। सुरभि ने 13 जून को एक प्यारी बेटी को जन्म दिया, जिसकी खुशखबरी उन्होंने आज सोशल मीडिया पर शेयर की है। सुरभि ज्योति ने आज इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर कर अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की है। इस पोस्ट पर लिखा है- 'यह लड़की है'। इसके साथ ही तारीख लिखी है 13 जून, 2026। इस पोस्ट पर एक हल्के गुलाबी फूल के साथ एक कली की तस्वीर लगी हुई है। साथ ही लिखा लव सुरभि और सुमित। सुरभि ज्योति ने इस खास पोस्ट के साथ इंस्टाग्राम पर कैप्शन लिखा, 'हमारी बेटी आ गई है।' सुरभि ने आगे लिखा, 'हमारा दिल प्यार और कृतज्ञता से भर गया है।' सुरभि को कई सेलेब्स ने मां बनने की बधाई दी है। आशका गोराडिया ने लिखा, 'बधाई हो', किश्वर मर्चेंट ने लिखा, 'वाह, बधाई हो', शालीन मल्होत्रा ने लिखा, 'भगवान आपको आशीर्वाद दें', सिमर कौर ने लिखा, 'ओएमजी' इसी के साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए।



# कॉकटेल 2 को मिला ए सर्टिफिकेट 19 जून को होगी रिलीज ...

**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन की अदाकारी वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को रिलीज होने वाली है। जब से इस फिल्म का एलान हुआ है, तब से दर्शकों के बीच इसे लेकर काफी चर्चा है। फिल्म का नाम, गाने, नए चेहरे और इसका युवा अंदाज लोगों को उत्साहित कर रहा है। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से हरी झंडी मिल गई है। 'कॉकटेल 2' को सीबीएफसी ने 'ए' सर्टिफिकेट दिया है। इसका मतलब है कि इसे सिर्फ वयस्क लोग ही देख सकते हैं। फिल्म काफी लंबी भी है। इसका कुल रनटाइम 150 मिनट है, यानी 2 घंटे 30 मिनट। इसकी एडवांस बुकिंग 14 जून की आधी रात को



शुरू हुई है। 'कॉकटेल 2' तीनों मुख्य कलाकारों के लिए अलग-अलग तरह से खास फिल्म है। कृति के लिए, यह उनके 12 साल के कॅरियर में पहली बार है, जब वह किसी एडल्ट-रेटेड फिल्म का हिस्सा बनी हैं। वहीं, रश्मिका पहले भी ऐसी एक फिल्म कर चुकी हैं।

# लता का वो दर्द भरा गीत, 61 साल पहले बना था लड़कियों के टूटे दिल की आवाज

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ गायिका के तौर पर लता मंगेशकर को जाना जाता है। बेशक आज लता दीदी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने कई ऐसे बेहतरीन गीत गाए थे, जो अब भी यादगार माने जाते हैं। इसी आधार पर हम आपको लता मंगेशकर के एक ऐसे ही कल्ट सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 61 साल पहले लड़कियों के टूटे दिल की आवाज बना था। बतौर गायिका लता मंगेशकर ने हर किस्म के गीतों को अपनी आवाज दी थी। रोमांटिक हो या फिर मस्तीभरा कोई गाना, लता दीदी की आवाज हर गाने में एक दम फिट बैठती थी। लेकिन, जब बात दर्द भरे नगमों की होती थी तो लता मंगेशकर ने उसमें अपना सौ प्रतिशत दे देती थी और गाने को इस तरह से गाती थीं कि सुनने वाले की आंखें भर आएं। एक ऐसा ही गीत लता मंगेशकर ने साल 1965 में आई अभिनेता राजेंद्र कुमार और अभिनेत्री साधना की फिल्म आरजू के लिए गाया था, जिसके बोल थे- बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन याद करता है।

***साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग*** : एक्ट्रेस साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग आज भी लड़कियों का फेवरेट माना जाता है और जब भी किसी का ब्रेकअप होता है तो लता का ये गीत उनकी प्लेलिस्ट में जरूर



सुनने मिल जाता है। फिल्म आरजू के बेदर्दी बालमा तुझको... हिंदी सिनेमा के कालजयी सैड सॉन्ग में से एक है। यही कारण है कि रिलीज के करीब 6 दशक बाद भी इसे श्रोता सुनना पसंद करते हैं और एक कल्ट गीत के तौर पर पहचानते हैं।



## चिंतन

# दुनिया को समाधान देने की ओर बढ़ रहा भारत

आज दुनिया के सामने कई बड़ी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं। खाड़ी संकट ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। जलवायु परिवर्तन का संकट गहरा रहा है, एआई नई संभावनाओं के साथ नई चिंताएं भी पैदा कर रहा है, ऊर्जा सुरक्षा एक बड़ा प्रश्न बनी हुई है और तकनीकी प्रतिस्पर्धा वैश्विक राजनीति की दिशा तय कर रही है। ऐसे दौर में केवल वही देश प्रभावशाली भूमिका निभा पाएंगे, जो समस्याओं की पहचान ही नहीं, बल्कि उनके समाधान भी पेश कर सकें। फ्रांस में आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि भारत अब केवल वैश्विक परिवर्तनों का दर्शक नहीं बना रहना चाहता, बल्कि उन्हें दिशा देने की तैयारी कर रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का यह कहना कि भारत नवाचार का देश है और दुनिया भारत के साथ मिलकर इनोवेशन करना चाहती है, कोई साधारण टिप्पणी नहीं है। यह उस बदलती वैश्विक धारणा का प्रतिबिंब है, जिसमें भारत को अब केवल एक बड़े उपभोक्ता बाजार के रूप में नहीं, बल्कि ज्ञान, तकनीक और नवाचार के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि समाधान देने वाला देश भी बन रहा है। पिछले एक दशक में भारत ने जिस तेजी से तकनीकी और डिजिटल क्षेत्र में प्रगति की है, उसने दुनिया का ध्यान खींचा है। डिजिटल भुगतान व्यवस्था, आधार आधारित सेवाएं, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और कम लागत वाले तकनीकी समाधान आज कई देशों के लिए अध्ययन का विषय हैं। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप नेटवर्क में शामिल हो चुका है। दो लाख से अधिक स्टार्टअप केवल रोजगार सृजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्त, अंतरिक्ष और कृत्रिम मेधा जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं भी विकसित कर रहे हैं। भारत और फ्रांस के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसी परिवर्तन का हिस्सा है। दोनों देशों के संबंध अब केवल रक्षा सौदों या कूटनीतिक बैठकों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कृत्रिम मेधा, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष विज्ञान, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। यही कारण है कि 'भारत इनोवेट्स' जैसे मंचों को केवल एक कार्यक्रम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इन्हें भारत की वैश्विक महत्वाकांक्षा के प्रतीक के रूप में समझा जाना चाहिए। हालांकि तस्वीर का दूसरा पक्ष भी उतना ही अहम है। नवाचार की वास्तविक ताकत केवल स्टार्टअप्स की संख्या से नहीं मापी जाती, बल्कि उससे पैदा होने वाले प्रभाव से तय होती है। भारत को अनुसंधान एवं विकास पर खर्च बढ़ाना होगा। युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि समाधान विकसित करने वाला बनाने की दिशा में शिक्षा व्यवस्था को भी बदलना होगा। यह भी सच है कि आज दुनिया ऐसे देशों की तलाश में है जो प्रतिस्पर्धा के बजाय सहयोग का रास्ता दिखा सकें। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन से लेकर डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तक, भारत के मॉडल को दुनिया गंभीरता से देख रही है। भारत के पास यह अवसर है कि वह विकासशील देशों की आवाज बनने के साथ-साथ तकनीकी समाधान का नेतृत्व भी करे। 21वीं सदी में किसी भी देश की असली ताकत उसकी सैन्य क्षमता या आर्थिक आकार से नहीं, बल्कि दुनिया को दिए गए समाधानों से तय होगी। भारत उसी दिशा में आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ा चुका है।

# लापरवाही से बढ़ती धोखाधड़ी की वारदातें



सतर्कता
सतीश सिंह

भारत में बैंकिंग और डिजिटल भुगतान व्यवस्था जितनी तेज़ी से विस्तृत हुई है, उतनी ही तेज़ी से धोखाधड़ी के तौर-तरीके भी बदलते गए हैं। पहले धोखाधड़ी का बड़ा हिस्सा कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े छोटे-छोटे मामलों में दिखाई देता था। अब तस्वीर बदल रही है। धोखाधड़ी के मामलों की संख्या घट रही है, लेकिन उनमें शामिल रकम तेजी से बढ़ रही है। यह संकेत केवल बैंकिंग तंत्र के लिए नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था और वित्तीय सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है। भारतीय रिजर्व बैंक की सालाना रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों ने 48,021 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी दर्ज की। यह रकम एक वर्ष पहले के 32,803 करोड़ रुपये की तुलना में 46 .4 प्रतिशत अधिक है।

भारत में बैंकिंग और डिजिटल भुगतान व्यवस्था जितनी तेज़ी से विस्तृत हुई है, उतनी ही तेज़ी से धोखाधड़ी के तौर-तरीके भी बदलते गए हैं। पहले धोखाधड़ी का बड़ा हिस्सा कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े छोटे-छोटे मामलों में दिखाई देता था। अब तस्वीर बदल रही है। धोखाधड़ी के मामलों की संख्या घट रही है, लेकिन उनमें शामिल रकम तेजी से बढ़ रही है। यह संकेत केवल बैंकिंग तंत्र के लिए नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था और वित्तीय सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है। भारतीय रिजर्व बैंक की सालाना रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों ने 48,021 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी दर्ज की। यह रकम एक वर्ष पहले के 32,803 करोड़ रुपये की तुलना में 46.4 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज 11,013 करोड़ रुपये की तुलना में यह चार गुना से भी ज्यादा है। दूसरी ओर, धोखाधड़ी के मामलों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2025-26 में 10,114 मामले दर्ज हुए, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 23,722 थी। यानी मामलों की संख्या लगभग 57 प्रतिशत घटी। वित्त वर्ष 2023-24 के 35,800 मामलों की तुलना में यह गिरावट करीब 72 प्रतिशत है। आंकड़ों से पता चलता है कि बैंकिंग व्यवस्था में धोखाधड़ी की प्रकृति बदल रही है। अब छोटे और बिखरे हुए डिजिटल फ्रॉड की तुलना में बड़े कर्ज और एडवांस से जुड़े धोखाधड़ी मामले अधिक गंभीर चुनौती बनकर सामने आ रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता कर्ज और एडवांस से जुड़े मामलों को लेकर है। वित्त वर्ष 2025-26 में कुल धोखाधड़ी राशि में इनकी हिस्सेदारी 85.5 प्रतिशत रही। कर्ज और एडवांस से जुड़े धोखाधड़ी मामलों की रकम बढ़कर 40,774 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। यह पिछले वर्ष की तुलना में 34 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 357 प्रतिशत अधिक है। ऐसे मामलों की संख्या भी बढ़कर 8,640 हो गई, जो पिछले वर्ष 7,924 थी। यह स्थिति बताती है कि बैंकिंग प्रणाली के भीतर ऋण स्वीकृति, निगरानी, मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन से जुड़े तंत्र को और मजबूत करने की जरूरत है। सरकारी बैंकों पर इसका सबसे अधिक असर देखने को मिल रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में सरकारी बैंकों को धोखाधड़ी के कारण 35,709 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जो पिछले वर्ष के 23,617 करोड़ रुपये की तुलना में 51 प्रतिशत अधिक है। कुल धोखाधड़ी राशि में सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी बढ़कर 74.5 प्रतिशत हो गई। हालांकि, सरकारी बैंकों में दर्ज मामलों की संख्या घटकर 5,418 रह गई, जो एक वर्ष पहले 6,916 थी। यह स्थिति बताती है कि सरकारी बैंकों में धोखाधड़ी के मामले कम जरूर हुए हैं, लेकिन जो मामले सामने आ रहे हैं, वे अधिक बड़े और गंभीर हैं। निजी बैंक भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। निजी बैंकों में धोखाधड़ी की रकम बढ़कर 11,399 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष के 8,927 करोड़ रुपये से 27.7 प्रतिशत अधिक है। कुल धोखाधड़ी राशि में निजी बैंकों की हिस्सेदारी 23.7 प्रतिशत रही, जबकि कुल मामलों में उनका हिस्सा 39.1 प्रतिशत था। इसका अर्थ है कि निजी बैंकों में मामलों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है, लेकिन राशि के लिहाज से सरकारी बैंकों पर दबाव कहीं अधिक गंभीर है। इसके उलट, डिजिटल भुगतान से जुड़े



धोखाधड़ी मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े मामलों की संख्या घटकर 293 रह गई, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 13,332 थी और वित्त वर्ष 2023-24 में 28,836 थी। इन मामलों में शामिल रकम भी घटकर 29 करोड़ रुपये रह गई, जबकि पिछले वर्ष यह 517 करोड़ रुपये थी। यह गिरावट इस बात का संकेत है कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था में तकनीकी सुरक्षा, शिकायत निवारण, निगरानी और जन-जागरूकता के स्तर पर सुधार हुआ है। मगर इसका अर्थ यह नहीं कि आम नागरिकों के लिए खतरा समाप्त हो गया है। यूपीआई ने भारत में भुगतान व्यवस्था को आम आदमी तक पहुंचाया है। यह सुविधा जितनी उपयोगी है, उतनी ही सावधानी भी मांगती है। वित्त वर्ष 2024 में यूपीआई धोखाधड़ी के 13.42 लाख मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें कुल 1,087 करोड़ रुपये की हेराफेरी हुई।

हाल के रुझानों में इन मामलों में कमी जरूर आई है, लेकिन यूपीआई से जुड़े खतरे पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। अधिकांश मामलों में ठग अज्ञात लिंक या क्यूआर कोड भेजते हैं, ओटीपी या पिन मांगते हैं या किसी लाभ, इनाम, कैशबैक अथवा आपात स्थिति का झांसा देकर खाते खाली कर देते हैं। साइबर ठगी की दुनिया में 'डिजिटल अरेस्ट' सबसे भयावह रूप में सामने आया है। इसमें ठग खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी, कस्टम या किसी अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बताते हैं। वे वीडियो कॉल पर पीड़ित को डराते हैं कि उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग्स तस्करी, हवाला या किसी आपराधिक मामले से जुड़ गया है। इसके बाद उसे 'डिजिटल निगरानी' या 'वर्चुअल गिरफ्तारी' के नाम पर कमरे में बंद रहने, किसी से बात न करने और पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई लोग भय, सामाजिक बदनामी और कानूनी कार्रवाई के डर से लाखों-करोड़ों रुपये गंवा बैठते हैं। डिजिटल अरेस्ट का मनोविज्ञान बेहद खतरनाक है। ठग तकनीक से ज्यादा डर और भ्रम का इस्तेमाल करते हैं। वे सरकारी प्रतीकों, नकली पहचान पत्रों, वीडियो कॉल, अदालत या जांच एजेंसी जैसे शब्दों और धमकी भरे लहजे से पीड़ित को मानसिक रूप से अस्थिर कर देते हैं। धोखाधड़ी से बचने का पहला उपाय है-लालच और लापरवाही से बचना। किसी भी अनजान कॉल, लिंक, क्यूआर कोड, निवेश प्रस्ताव, लॉटरी, कैशबैक, नौकरी, कर्ज या सरकारी योजना के नाम पर मिले संदेश पर तुरंत भरोसा नहीं करना चाहिए। कोई भी बैंक, सरकारी एजेंसी, पुलिस या रिजर्व बैंक कभी फोन पर ओटीपी, पिन, पासवर्ड, कार्ड नंबर, सीवीवी या नेट बैंकिंग विवरण नहीं मांगता। किसी भी लिंक पर क्लिक करने, स्क्रीन शेयर करने, ऐप डाउनलोड करने या खाते से पैसे भेजने से पहले उसकी प्रामाणिकता जांचना जरूरी है।

दूसरा उपाय है-समय पर शिकायत करना। डिजिटल धोखाधड़ी होने पर घबराने या चुप रहने के बजाय तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। संबंधित बैंक, यूपीआई ऐप या वॉलेट सेवा प्रदाता को भी तुरंत सूचना देनी चाहिए। बैंकिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था भारत की बड़ी शक्ति हैं। लेकिन यह शक्ति तभी सुरक्षित रह सकती है, जब भरोसे के साथ सावधानी भी जुड़ी रहे। धोखाधड़ी से बचाव का सबसे सरल मंत्र यही है-लालच से दूरी, लापरवाही से सावधानी और हर संदिग्ध स्थिति में तुरंत शिकायत। यही सतर्कता आम नागरिक की मेहनत की कमाई, बैंकिंग व्यवस्था की विश्वसनीयता और देश की वित्तीय सुरक्षा-तीनों की रक्षा कर सकती है।

(लेखक आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आधी दुनिया

डॉ. मोनिका शर्मा



# हमारी बेटियों की सशक्त कदमताल

हाल ही में समानता और सशक्तिकरण के पथ पर कदमताल करती बेटियों और भारतीय सेना के लिए एक और विशेष दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हुआ। ध्यातव्य है कि देश में पहली बार नेशनल डिफेंस एकेडमी के पहले महिला बैच की चौदह बेटियां एक साल का कठिन प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय सेना और वायुसेना में अफसर बनी हैं। देहरादून और हैदराबाद दोनों जगहों को मिलाकर कुल 746 कैडेट्स भारतीय सेना का हिस्सा बने हैं। इनमें देहरादून की इंडियन मिलिट्री एकेडमी और हैदराबाद की डुंडीगुल एयर फोर्स एकेडमी में आयोजित एनडीए पासिंग आउट परेड-2026 के बाद 14 बेटियों को भी सेना में कमीशन मिला है। ज्ञात हो कि चार साल पहले उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद ही महिलाओं के लिए नेशनल डिफेंस एकेडमी में जाने के रास्ते खुले थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अगस्त 2022 में एनडीए में महिला कैडेट्स के पहले बैच को प्रवेश मिला। 3 साल के बेहद कड़े प्रशिक्षण के बाद पिछले साल मई महीने में 18 महिला कैडेट्स ग्रेजुएट हुईं। इन्हीं में से 9 महिला कैडेट्स ने इंडियन आर्मी में ज्वाइन करने का फैसला लिया और देहरादून के इंडियन मिलिट्री अकादमी में करीब 1 साल की कड़ी ट्रेनिंग ली थी। वहीं हैदराबाद के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकादमी से 5 महिला कैडेट्स ने कमीशन प्राप्त किया है। यह पहला अवसर है जब महिला कैडेट्स ने सीधे स्थायी कमीशन प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि पहले महिलाओं को केवल 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' के जरिए ही सेना में प्रवेश मिलता था। ऐसे में यह केवल नेशनल डिफेंस एकेडमी के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। विचारणीय है कि लैंगिक समानता और सामाजिक बदलाव लाने से लेकर रोजगार के मोर्चे तक, यह महिलाओं के लिए नई आशाओं और हौसले को जगाने वाली बात है। साथ ही यह बेटियों को अपनी रुचि, क्षमता और योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिलने का परिवेश बनाने से जुड़ा बदलाव भी है। भारतीय सैन्य अकादमी की पासिंग आउट परेड के 94 साल के इतिहास में पहली बार 9 महिला कैडेट्स ने पुरुष कैडेटों के साथ 'अंतिम पग' पार कर भारतीय सेना में सैन्य अधिकारी बनना हर मोर्चे पर महिलाओं की सबलता का परिचायक है। हालांकि भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना में महिलाओं की पहले से ही भागीदारी है, पर भारतीय सैन्य अकादमी के एक लंबे सैन्य इतिहास में पुशु कैडेट्स संग साझी कदमताल का यह पल थोड़ा विशेष है। कुछ समय पहले भारतीय नौसेना ने भी पहली बार महिला नाविकों को सेवा में शामिल किया था। सुखद है कि हालिया बरसों में गणतन्त्र दिवस की परेड को कमांड करने से लेकर मुश्किल मिलिट्री ऑपरेशन्स तक, बेटियां अब आर्म्ड फोर्सेस में अहम भूमिका में दिखने लगी हैं। इतना ही नहीं, सेना की तीनों ही यूनिट्स में स्त्री शक्ति का खुले मन से स्वागत भी किया जा रहा है। अपनी योग्यता और क्षमता के बल पर महिलाएं सैन्य संसार में लीडिंग रोल में आ रही हैं। पिछले कुछ बरसों में सैन्य बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से जुड़े अहम बदलाव भी हुए हैं।इन्हीं बदलावों के अंतर्गत सरकार ने सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने को मंजूरी दी थी। यूनियन डिफेंस मिनीस्ट्री से मिली ऑफिशियल मंजूरी के बाद भारतीय सेना के सभी दस हिस्सों में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन मिला है। इन डिपार्टमेंट्स में आर्मी एयर डिफेंस, सिग्नल्स, इंजीनियर्स, आर्मी एविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स व मैकेनिकल इंजीनियरिंग, आर्मी सर्विस कॉर्प्स और इंटेलिजेंस कॉर्प्स आदि शामिल हैं। यह सैन्य बलों में नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी की ही बानगी है कि कर्तव्य पथ पर महिला दस्ते की अगुआई में परेड होना भी एक अहम शुरुआत रही। 72वें रिपब्लिक डे के अवसर पर पहली बार थल सेना, नौसेना और वायु सेना के महिला सैन्य दल भी परेड में शामिल हुए थे। दरअसल, वर्ष 1992 तक महिलाओं को केवल सशस्त्र सेना मेडिकल कोर में शामिल किया जाता था। नौसेना में भी महिलाओं को कुछ चुनी हुई शाखाओं में अल्पकालिक कमीशन अफ़सर के रूप में भर्ती किया जाता था। यहां तक कि लड़कियों के लिए सैनिक स्कूलों में पढ़ने के रास्ते भी हाल ही में खुले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 में अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में देश के सभी सैनिक स्कूलों में छात्राओं के नामांकन को खोलने की ऐतिहासिक घोषणा की थी। यही वजह है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी कहा कि 9 महिला ऑफिसर कैडेट्स के पास आउट होने का मतलब है कि भारत में महिलाओं को पुरुषों के बराबर ही हक दिया जाता है और महिलाएं भी पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर इस देश की तरक्की और इस देश की सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभा रही है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## बड़े भाग मानुष तनु पावा



संकलित
**दर्शन**

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो।

## झूठे आरोप का सामना बुद्धिमानी व धैर्य के साथ करें



संकलित
**प्रेरणा**

उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत-बांग्लादेश संबंधों में बढ़ता अविश्वास

भारत और बांग्लादेश के संबंध दक्षिण एशिया की कूटनीति में विशेष महत्व रखते हैं। वर्ष 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के समय भारत ने जिस प्रकार राजनीतिक, सैन्य और मानवीय सहयोग प्रदान किया, उसने दोनों देशों के बीच मैत्री और विश्वास की मजबूत नींव रखी। पिछले पांच दशकों में व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा, संपर्क, जल संसाधन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति तथा बांग्लादेश की विकासोन्मुख विदेश नीति ने भी संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। इसके बावजूद हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में तनाव और अविश्वास के संकेत दिखाई दिए हैं। दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक है।

*– प्रशांत त्यागी, जदगलपुर*

## ट्रेंड

### हर संकल्प पूरा किया



प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ़ कहते नहीं हैं, बल्कि उसे करके भी दिखाते हैं। चाहे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना हो, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, हमने अपने हर संकल्प को पूरा किया है।
- **राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### विदेशी ताकतें



कमजोर प्रधानमंत्री के राज में, भारतीय होने का मतलब है पूरी तरह बर्बाद हो जाना। विदेशी ताकतें हमारे नागरिकों को मार देती हैं। हमारी सरकार एक आज्ञाकारी नौकर की तरह चुपचाप आदेश मानती है- और हमारे नागरिकों को मरने के लिए छोड़ दिया जाता है।
-**राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### विकसित भारत की दिशा



गुवाहाटी-सिलचर एक्सप्रेसवे, नामरूप फर्टिलाइजर प्लांट और कामाख्या कॉरिडोर सिर्फ़ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नहीं हैं। ये लाखों लोगों की उम्मीदों में निवेश और विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। - **हिमंत बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### बिहार की समृद्ध विरासत



नालंदा की बावन बूटी साड़ी और फ़ैब्रिक, गया की पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ़्ट और भोजपुर की पिड़िया पेंटिंग को ज्योग्राफ़िकल इंडिकेशन (जीआई) टैग मिला है। इससे देश और दुनिया में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का मान और बढ़ेगा।
- **नीतीश कुमार**, सांसद, राज्य सभा

## करंट अफेयर


# भारत नवाचार का देश है फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को कहा कि भारत नवाचार का देश है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) और जलवायु परिवर्तन जैसे अहम क्षेत्रों में भारत और फ्रांस के बीच सच्ची साझेदारी है। मैक्रों यहां आयोजित 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जिसका उद्घाटन उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ किया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा, 'हम 'मेक-इन-इंडिया' पहल का सम्मान करते हैं। फ्रांस विभिन्न क्षेत्रों में इसका हिस्सा रहा है।' उन्होंने कहा, ''भारत नवाचार का देश है। एआई और जलवायु परिवर्तन जैसे अहम क्षेत्रों में भारत-फ्रांस के बीच सच्ची साझेदारी है।' मैक्रों ने कहा, ''असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की गुंजाइश है, जिसमें 'स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स' का क्षेत्र भी शामिल है। 'भारत इनोवेट्स 2026' भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसे देश के 'डीप-टेक स्टार्टअप' और अनुसंधान उपक्रमों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम का मकसद भारत, फ्रांस और अन्य देशों के शीर्ष नवाचार स्टार्टअप और वेंचर कैपिटल फंड को साथ लाना है।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

जिला मुख्यालय से तकरीबन 8 किमी की दूरी पर बसे ग्राम बम्हनी में एक किसान द्वारा खेत की मेढ़ तैयार किए जाने के दौरान टूटी हुई मूर्तियां मिली। इन मूर्तियों के 8वीं से 10वीं शताब्दी के होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# खेत में मेढ़ बनाने के दौरान मिली 8वीं शताब्दी की प्राचीन मूर्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के तकरीबन 8 किमी की दूरी पर बसे ग्राम बम्हनी में एक किसान द्वारा खेत की मेढ़ तैयार किए जाने के दौरान टूटी हुई मूर्तियां मिली। इन मूर्तियों के 8वीं से 10वीं शताब्दी के होने का अनुमान लगाया जा रहा है। ग्रामीण गोपाल साहू के खेत और सरकारी जमीन के बीच बन रहे मेढ़ बनाने के दौरान मूर्तियां पाए जाने के बाद तत्काल इसकी सूचना पुरातत्व विभाग को दी गई जिसके बाद विभाग की टीम शनिवार देर शाम बम्हनी पहुंची।

पुरातत्व विभाग की टीम ने प्रतिमाओं का अवलोकन किया और बताया कि प्रतिमाएं 8वीं शताब्दी के आस-पास की है और यहां पर मंदिर के भी अवशेष प्राप्त होने की संभावना जताई गई है। प्रतिमा की बनावट, कला और पत्थर को देखकर विशेषज्ञों इसे प्राचीन काल का बता रहे हैं। बम्हनी में प्राचीन प्रतिमाएं मिलने के बाद आस-पास के लोग देखने के लिए भी पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों में उत्सुकता भी बढ़ गई है।

## सूचना पर पहुंची पुरातत्व विभाग की टीम, कहा- बम्हनी में मूर्तियां बिखरी मिलीं

### क्षेत्र को संरक्षित किए जाने की उठी मांग

गांव की सरपंच रूपा ध्रुव ने बताया कि सुबह उनको पुरातत्व विभाग की टीम आने की जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि प्रतिमाएं प्राचीन महत्व की हैं तो इन्हें संरक्षित किया जाना चाहिए। पुरातत्व विभाग के द्वारा क्षेत्र को संरक्षित कर खुदाई की जानी चाहिए, ताकि और अवशेष निकाले जा सके।




### द्वारपाल, मंदिर के अवशेष बिखरे मिलेः पारख

पुरातत्व विभाग के प्रताप पारख ने बताया कि बम्हनी में मूर्तियां बिखरी हुई हैं, सूचना प्राप्त हुई थी, इस सूचना पर बम्हनी गांव गए थे, जहां पर प्राचीन मूर्तियां, द्वारपाल, मंदिर के अवशेष मिले है। शासन व प्रशासन से इस संबंध में चर्चा की जाएगी। इसके बाद ही आगे की जानकारी दी जाएगी।



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में पालिका कर्मी वामेन साहू की मौत



बालोद। शनिवार को बस को ओवरटेक करने के चक्कर में हुई दो बाइक की आमने सामने भीड़त में गंभीर रूप से घायल पाररास वार्ड क्रमांक 1 निवासी वामेन साहू 35 वर्ष का निधन हो गया। अन्य घायल दो का ईलाज जारी है। शनिवार को पाररास वार्ड क्रमांक 1 निवासी पालिका में प्लेसमेंट कर्मचारी वामेन साहू 35 वर्ष का काम से लौटते समय मधु चौक के पास बस को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वामेन उछलकर दूसरी बाइक के फुटरेस्ट पर जा गिरा था और लोहे का हिस्सा उसके सिर में घुस गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे निकालने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद कटर मशीन मंगाकर फुटरेस्ट को काटा गया। घायल को फुटरेस्ट सहित एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसे रिफर कर दिया गया था।

## 42 करोड़ की छह सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास- लोकार्पण

# संत गाडगे के आदर्शों पर चलकर समरस, स्वच्छ और विकसित छत्तीसगढ़ का करें निर्माण : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि संत शिरोमणि गाडगे बाबा का जीवन त्याग, सेवा, स्वच्छता और सामाजिक सुधार का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने समाज से छुआछूत, अंधविश्वास और कुरीतियों को दूर करने के लिए आजीवन संघर्ष किया। संत गाडगे बाबा का संदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित स्वच्छ भारत मिशन, संत गाडगे बाबा के स्वच्छता संबंधी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बना है।

मुख्यमंत्री श्री साय रविवार को बोदरी में कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित संत शिरोमणि गाडगे बाबा की 150वीं जयंती, शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 42 करोड़ रुपये की लागत की छह सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बेहतर सड़क अधोसंरचना से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी तथा आम नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने समारोह में समाज के पदाधिकारियों, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों तथा विद्यार्थियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि सम्मान से नई पीढ़ी को समाज सेवा और उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा मिलती है तथा समाज को संगठित करने के ऐसे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। इस अवसर श्री साय ने क्षेत्र के विकास और विभिन्न समाजों की मांगों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

### 9 बोदरी में संत गाडगे बाबा की 150वीं जयंती



### केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन ने योगदान का किया उल्लेख

समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने संत गाडगे बाबा के जीवन, उनके सामाजिक सुधार आंदोलनों तथा स्वच्छता और मानव सेवा के प्रति उनके योगदान का उल्लेख किया। क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक ने समाज की एकजुटता और सामाजिक उत्थान में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

### इनकी रही उपस्थिति

समारोह में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पद्मश्री रामलाल बरेठ, पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, दीपक सिंह, नगर पालिका परिषद बोदरी की अध्यक्ष श्रीमती नीलम विजय वर्मा, जनपद अध्यक्ष आरके कौशिक सहित बड़ी संख्या में समाजजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# रिश्वत मांगने के आरोप में प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

- एसपी ने की कार्रवाई एसडीओपी को दिया जांच का जिम्मा

पंतोरा चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी को एसपी ने निलंबित कर दिया है। जमीन पर कब्जा दिलाने को लेकर रिश्वत मांगने के आरोप और वीडियो जारी होने पर कार्रवाई की गई है। मामले की जांच के लिए अकलतरा एसडीओपी को जिम्मेदारी दी गई है।

जिले में पुलिस विभाग ने अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार के आरोपों पर सख्त रुख अपनाते हुए चौकी पंतोरा में पदस्थ प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की है।

प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी पर चौकी पंतोरा क्षेत्र के एक आवेदक से विवादित भूमि पर कब्जा दिलाने के नाम पर पैसों की मांग करने का आरोप लगा है। मामले की शिकायत और संबंधित वीडियो पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में आने के बाद तत्काल जांच प्रारंभ की गई। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया। साथ ही मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच के लिए अकलतरा एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### पद का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं: एसपी

*पुलिस विभाग के अनुसार जांच के दौरान सभी तथ्यों और साक्ष्यों का परीक्षण किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि विभाग में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार, अनुचित आचरण या पद के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।*

# वाहन में पुलिस लिखकर गांजा तस्करी, फरार आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- छुईखदान गंडई स्थित निवास से पकड़ा गया

पुलिस को चकमा देने स्कार्पियो वाहन में पुलिस लिखा प्लेट व लालबती लगाकर गांजा की तस्करी करने वाला फरार आरोपी को नगरनार पुलिस की टीम ने खैरागढ़ के छुई खदान गंडई स्थित निवास से गिरफ्तार करने में सफल रही।

फरार आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश एवं सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गई थी। गौरतलब है कि लगभग सात माह पूर्व 5 नवम्बर 2025 को नगरनार पुलिस ने स्कार्पियो वाहन में पुलिस लिखे प्लेट, सायरन व लालबती लगाकर नंबर प्लेट बदलकर गांजा की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में एक आरोपी दीपक पटेल 31 वर्ष निवासी ग्राम बुड़ासागर थाना गंडई जिला खैरागढ़ छुई खदान गंडई फरार हो गया था।नगरनार थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि घटना दिनांक को स्कार्पियो वाहन कमांक सीजी 04 पीडब्लू 8248 में दो व्यक्ति गांजा रखकर ओडिशा से जगदलपुर की ओर आ रह थे। स्कार्पियो वाहन का चालक धनपुंजी फारेस्ट नाका के पास पुलिस नाकाबंदी को देखकर नाकाबंदी स्थान से कुछ दूरी पर वाहन को छोड़कर अपने साथी के साथ अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था। वाहन जब्त कर पुलिस ने 5 लाख 66 हजार रुपए का गांजा बरामद कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इसी मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम को खैरागढ़ छुई खदान गंडई रवाना किया गया था।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला पुलिस हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- 17 लाख रुपए मूल्य की संपत्ति भी बरामद

पुलिस विभाग, कलेक्टोरेट, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य शासकीय विभागों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को चारामा पुलिस ने अपराध दर्ज होने के महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी के कब्जे से लगभग 17 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति भी बरामद की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम उड़कुड़ा निवासी यादेश कुमार साहू ने 12 जून को थाना चारामा में शिकायत दर्ज कराई थी कि हटकाचारामा निवासी कैलाश साहू तथा उसकी सहयोगी तरूणा निषाद ने पुलिस विभाग सहित अन्य सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाकर उससे वर्ष 2024 में विभिन्न किस्तों में कुल 1 लाख 76 हजार 980 रुपये लिए थे। नौकरी नहीं लगने और रकम वापस नहीं मिलने पर पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी ने कांकेर सहित अन्य जिलों के कई लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर बड़ी मात्रा में धनराशि वसूली थी। प्रकरण में थाना चारामा में अपराध क्रमांक 124/2026 के तहत धारा 318(4) एवं 111(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। थाना चारामा पुलिस एवं जिला साइबर सेल की संयुक्त टीम ने आरोपी कैलाश साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने कई लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर पैसे लेकर ठगी करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि ठगी से प्राप्त रकम का उपयोग इलेक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर खरीदने आदि में किया हैं।

## शरीर पर चोट के निशान होने का दावा, हत्या की जताई आशंका

# न्यायिक हिरासत में युवक की मौत से गरमाया माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

- परिजन ने कोतरा रोड थाने का किया घेराव



जिला जेल रायगढ़ में न्यायिक हिरासत के दौरान एक युवक की मौत के बाद मामला विवादों में घिर गया है। ग्राम नवापारा निवासी 30 वर्षीय संजय बघेल की मौत को लेकर परिजनों ने पुलिस और जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन एकत्र हो गए, जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करनी पड़ी।

संजय बघेल को 10 जून को अवैध शराब के एक प्रकरण में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था। तीन दिन बाद उसकी मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में आक्रोश फैल गया। संजय को स्वस्थ अवस्था में जेल भेजा गया था, लेकिन मौत के बाद जब शव देखा गया तो शरीर पर चोट के निशान दिखाई दिए। परिजन मामले को संदिग्ध बताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। परिवार का कहना है कि उन्हें मौत की सूचना भी देर से दी गई। शव दिखाने को लेकर अस्पताल परिसर में काफी देर तक विवाद की स्थिति बनी रही। बाद में शव देखने के पश्चात परिजनों ने न्यायिक हिरासत के दौरान मारपीट की आशंका जताई और पूरे घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। बता दें कि इस घटना के बाद परिजनों ने कोतरा रोड थाने का भी घेराव किया। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि परिजनों की शंकाओं का निराकरण करने के लिए निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

### संजय की मौत के बाद परिवार पर आजीविका का गहराया संकट

मृतक अपने परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था। उसके पीछे पत्नी, दो नाबालिग बेटियां और वृद्ध माता-पिता हैं। परिजनों ने परिवार को आर्थिक सहायता, बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था तथा एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की है। उसकी एक बेटी को हृदय से संबंधित बीमारी है, जिसका इलाज चल रहा है। अब उसका इलाज भी इससे प्रभावित होगा। संजय की मौत के बाद परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट में घिर गया है

### एसएसपी ने दो आरक्षक को किया लाइन अटैच

फिलहाल इस मामले में एसएसपी ने कोतरा रोड थाने में पदस्थ दो आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं विभागीय जांच की भी बात कही जा रही है। एसएसपी ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।




# ममता की टीएमसी की हालत देख घबराए उद्धव ने बुलाई बैठक, कहा-हमारे सभी सांसद एकजुट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम बंगाल के राजनीतिक घटनाक्रमों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) टूट की कगार पर है और चर्चा है कि पार्टी कांग्रेस में शामिल हो सकती है। ऐसी ही अटकलों के बीच अब महाराष्ट्र में भी सियासी पारा चढ़ गया है। राज्य में शिवसेना (यूबीटी) को ऑपरेशन टाइगर के तहत एक और संभावित टूट का डर सता रहा है। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट द्वारा शिवसेना (यूबीटी) के 6 से 7 सांसदों के पाला बदलने के दावों के बीच, उद्धव ठाकरे ने अपने निवास स्थान मातोश्री में सांसदों की आपात बैठक बुलाई। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद टीएमसी के कई नेताओं द्वारा ममता बेनर्जी का साथ छोड़ने के पीछे राजनीतिक गलियारे में भाजपा का हाथ बताया जा रहा है। इसी तर्ज पर अब महाराष्ट्र की राजनीति में ऑपरेशन टाइगर की चर्चा तेज है। शिंदे गुट के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया है कि अगले 4-5 दिनों के भीतर उद्धव गुट के 6 से 7 सांसद उनके पाले में आ सकते हैं। इसी दावे के बाद उद्धव ठाकरे सतर्क मोड में आ गए हैं और पार्टी की एकजुटता प्रदर्शित करने में जुटे।

उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट द्वारा शिवसेना (यूबीटी) के 6 से 7 सांसदों के पाला बदलने के दावों के बीच, उद्धव ठाकरे ने अपने निवास स्थान मातोश्री में सांसदों की आपात बैठक बुलाई। करीब दो घंटे तक विचार मंथन किया गया

## ठाकरे ने सांसदों को महंगाई और जनता से जुड़े मुद्दों को जोर-शोर से उठाने का निर्देश दिया

बैठक में ठाकरे ने कहा एकजुटता से जनता के मुद्दे उठाएं

**विरोधी दलों के संपर्क में होने की खबरों को नकारा**



एआई इमेज

### संजय राउत ने किया दावा, बोले-हम सब एक हैं

शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने सोशल मीडिया पर इस बैठक की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई इस अहम बैठक में प्रत्यक्ष रूप से अरविंद सावंत, अनिल देसाई, संजय दीना पाटिल और राजाभाऊ वाजे एवं आदित्य ठाकरे शामिल हुए जबकि ओमराजे निंबालकर, भाऊसाहेब वाघेचौरे, नागेश अष्टिकर और संजय देशमुख वर्चुअली शामिल हुए। जबकि परभणी के सांसद संजय जाधव से उद्धव ठाकरे ने फोन पर सीधे बातचीत की। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने स्पष्ट किया कि सभी सांसद पूरी मजबूती और वफादारी के साथ एकजुट हैं, और उन्होंने उम्मीद जताई कि अब पाला बदलने की अफवाहों पर विराम लग जाएगा।

### एकजुट रहने और बयानबाजी से बचने को कहा

इस आपात बैठक के दौरान उद्धव ठाकरे ने सांसदों को आगामी सत्रों और जमीनी राजनीति के लिए कई कड़े निर्देश दिए। सांसदों को संसद और जमीन पर महंगाई, किसानों की परेशानियां और कर्ज माफी जैसे जनता से जुड़े मुद्दों को जोर-शोर से उठाने के लिए कहा गया है। यह पूरी तरह साफ किया गया कि शिवसेना (यूबीटी) के सभी सांसद एकजुट हैं। सांसदों को निर्देश दिया गया कि वे कार्यकर्ताओं के बीच नेताओं के पाला बदलने की अफवाहों से पैदा हुई गलतफहमियों को तुरंत दूर करें। वहीं सांसदों की बैठक के बाद रविवार को ही सभी जिला प्रमुखों के साथ जूम के जरिए एक बैठक तय की गई है, जिसमें उद्धव ठाकरे जिलेवार स्थानीय चुनौतियों और राजनीतिक घटनाक्रमों का फीडबैक लिया।

---

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का दावा अभूतपूर्व हुई प्रगति**

# 12 साल स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए रहे बेमिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही एक मजबूत राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए अपने संदेश में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और विभिन्न डिजिटल स्वास्थ्य पहलों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक लोगों तक पहुंच रही हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि देशभर में मेडिकल कॉलेजों के विस्तार तथा एमबीबीएस और स्नातकोत्तर चिकित्सा सीटों में वृद्धि के कारण भविष्य के लिए एक मजबूत स्वास्थ्य कार्यबल तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच दोनों में सुधार होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, यू-विन, कोविन और ई-संजीवनी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म ने नागरिकों के स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है।



### स्वास्थ्य अवसंरचना का भी व्यापक विस्तार

नड्डा ने बताया कि देश में उन्नत स्वास्थ्य अवसंरचना का भी व्यापक विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि जहां पहले देश में केवल एक एम्स अस्पताल था, वहीं अब इसकी संख्या विभिन्न राज्यों में बढ़कर 23 हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण की दिशा में काम कर रही है जो किफायती, सुलभ और संवेदनशील हो। उनका कहना था कि इन प्रयासों का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के लिए बेहतर और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करना है।

---

**19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में जुटेंगी 150 से अधिक कंपनियां**

# राहुल के जन्मदिन पर कांग्रेस का 19 को 'महा रोजगार मेला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस 19 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 'महा रोजगार मेला' आयोजित करेगी। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस रोजगार मेले में 150 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां और संस्थान भाग लेंगे। मेले का आयोजन भारतीय युवा कांग्रेस और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, दिल्ली कांग्रेस के संगठन महासचिव अनिल भारद्वाज, युवा कांग्रेस के नेता अक्षय लाकड़ा और खुशबू शर्मा ने इस महा रोजगार मेले की रूपरेखा सामने रखी। इस दौरान महा रोजगार मेले का आधिकारिक पोस्टर भी जारी किया गया।



### योग्यतानुसार कंपनियां लेंगी साक्षात्कार

उदयभानु ने बताया कि 10वीं पास से लेकर स्नातकोत्तर युवा अपनी योग्यता के अनुसार साक्षात्कार दे सकते हैं। चयन होने पर मौके पर ही ऑफर लेटर सौंप दिया जाएगा। रोजगार मेले के समापन के बाद भी कांग्रेस द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर एक महीने तक सक्रिय रहेगा। यदि किसी युवा को ऑफर लेटर मिलने के बाद जॉइनिंग में कोई समस्या होती है, तो उसे इस हेल्पलाइन के जरिए दूर किया जाएगा।

### ऑनलाइन व ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन सुविधा

उदय भानु चिब ने बताया कि पंजीकरण कोड को स्कैन करने पर भारतीय युवा कांग्रेस की वेबसाइट खुलेगी, जहां फॉर्म भरा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी कराया जा रहा है। साथ ही, यदि कोई युवा पहले पंजीकरण नहीं कर पाता है, तो वह 19 जून को सीधे तालकटोरा स्टेडियम पहुंचकर मौके पर अपना पंजीकरण करा सकता है। पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है।

---

# मोदी-ट्रंप मुलाकात से पहले कांग्रेस ने उठाए सवाल, व्यापार समझौते पर जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात से पहले केंद्र सरकार पर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों के मन में यह सवाल सबसे प्रमुख है कि क्या प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका द्वारा ओमान तट के निकट एक जहाज पर किए गए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा राष्ट्रपति ट्रंप के समक्ष उठाएंगे? जयराम रमेश ने कहा कि भारत को इस घटना की कड़ी निंदा करनी चाहिए और प्रधानमंत्री को अमेरिकी प्रशासन के सामने देश की चिंता स्पष्ट रूप से रखनी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा 12 जून को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ हुई बातचीत के दौरान इस्तेमाल की गई कथित तौर पर धमकीपूर्ण और अस्वीकार्य भाषा पर भी आपत्ति दर्ज कराएंगे? जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि इस समझौते में भारत सरकार ने एकतरफा रियायतें दी हैं, जिससे देश के किसानों और उद्योगों के हित प्रभावित हो सकते हैं।



### व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार को घेरा

कांग्रेस नेता ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर जल्द ही भारत दौरे पर आने वाले हैं ताकि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि इस समझौते में भारत सरकार ने एकतरफा रियायतें दी हैं, जिससे देश के किसानों और उद्योगों के हित प्रभावित हो सकते है।

---

### पाक में बारिश से जुड़ी घटनाओं में सात की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश से जुड़ी घटनाओं में दो बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई तथा 33 लोग घायल हो गए। आपदा प्रबंधन अधिकारियों के अनुसार, बन्नू, शांगला और मानसेहरा ज़िलों में भारी बारिश, तेज हवाओं और बिजली गिरने के कारण छत और दीवारें ढह गईं, जिससे चार पुरुषों, दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई।

### मेघालय में गारो हिल्स में जंगली हाथियों ने घर तोड़ा

**शिलांग।** मेघालय के दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स जिले में जंगली हाथियों के झुंड ने एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया, हालांकि घटना में छह लोगों का परिवार बाल-बाल बच गया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात को भारत-बांग्लादेश सीमा के पास, बेटासिंग सीएंडआरडी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले जॉयफर गांव में हुई, जहां हाथी केताकी हाजोंग के घर में घुस गए और उसको काफी नुकसान पहुंचाया।

### बाल सुधार गृह से फरार हुए आठ नाबालिगों की तलाश

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट स्थित एक बाल सुधार गृह से रविवार को 11 नाबालिग फरार हो गए। हालांकि इनमें से पाकिस्तान का रहने वाला एक नाबालिग बाद में वापस लौट आया जबकि दो अन्य अपराधियों को पकड़ लिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब भी आठ नाबालिग लापता हैं और उन्हें पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। राजकोट के जिलाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया, 'राजकोट के क्षेत्रीय बाल सुधार गृह के 11 नाबालिग रविवार सुबह सीसीटीवी कैमरे और लोहे की जालियां तोड़कर फरार हो गए।'


epaper : www.haribhoomi.com

**हरिभूमि CLASSIFIED**

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## एजूकेशन स्पेशल

**प्रवेश प्रारंभ**
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट**
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| Paramedical Course | Duration |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech, Ortho tech | 1 Year |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |
| B Pharmacy | 4 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc., P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
**श्री बालाजी हॉस्पिटल**
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 250 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9201622400, 9201641200, 9201631200

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**

REQUIREMENT- Jai Public Higher Secondary English Medium School Harinagar katul-boad Durg requires teachers for, Mathematics ,Physics, Chemistry,Biology, Accountancy, Business studies, Economics, So. Science, Science English, Office clerk, contact with Resume before 16th june2026, 9301398270. (आरो न - 294)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**शिक्षाकर्मी टीचर**

REQUIREMENT- KENT INTERNATIONAL SCHOOL JHEET PATAN (CBSE ENGLISH MEDIUM) Walk in interview on 15, 16, 17 & 18 June 2026, time: 10 am to 2 pm PGT (PHYSICS, CHEMISTRY, BIOLOGY, ENGLISH, ECONOMICS, ACCOUNTANCY, BST, HISTORY, POLITICAL SCIENCE, P.E.) TGT (HINDI, SANSKRIT, ENGLISH) MUSIC TEACHER, ACCOUNTANT, RECEPTIONIST, TRANSPORT INCHARGE. contact: 7880111062. (RO-087)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- लेडी वाईस प्रिंसीपल (फ्रेशर बीएड), लेडी इंचार्ज, कम्प्यूटर टीचर, एवं अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम- मैथ्स, इंग्लिश, एसएसटी, एकाउंट, कॉमर्स, साइंस पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 19.06.2026 प्रातः 9:30 बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 0771-2252855.(RO-086)

आवश्यकता है- रायपुर कॉन्वेंट हा. से. स्कूल अश्वनीनगर एवं सत्तीबाजार- अंग्रेजी माध्यम 6वीं से 10वीं- इंग्लिश, साइंस, सोशल साइंस, संस्कृत, पहली से पांचवीं- कम्प्यूटर, पर्यावरण, 6वीं से 8वीं कॉमर्स, इंग्लिश, 11वी-12वी बी.एस.टी., हिंदी, फिजीक्स, मैथ्स, पीपी.2 हेतु शिक्षिकाओं, क्लर्क, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आयाबाई, चपरासी, साक्षात्कार 19.06.2026, प्रातः 10 बजे अश्वनीनगर: 0771-2241548. (RO-088)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- चाय पत्ती के फैक्ट्री में ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क- जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मों.- 74699-80000, 0771-4075490. (RO-864)

**गोडाऊन कीपर**

आवश्यकता है- सी एंड एफ में कार्य करने हेतु गोडाउन कीपर की आवश्यकता है । सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास,भनपुरी, रायपुर। संपर्क - 6260655803. (मिलने का समय - 10 से 6) (RO-606)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार कॉल / मेसेज 7999847673 समय 12 से 5 तक (आरो न - 292)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सिक्योरिटी गार्ड - 21, हाउसकीपिंग बाई - 21, हाउसकीपिंग जेंट्स - 15, एरिया मैनेजर गनमैन - 10 पद, वेतनमान 15000 से 25000, आधार कार्ड, 03 पासपोर्ट साइज फोटो लेकर संपर्क करें - एच. आई. एस. सर्विसिस प्राइवेट लिमिटेड कृष्णा प्लाजा, अश्वनी नगर सुन्दर नगर रायपुर (छ ग.) 9171511755, 9039437556, 7713568537, कृपया आफिस आकर संपर्क करें (RO-860)

आवश्यकता है- रायगढ़ एवं रायपुर की फैक्ट्रियों हेतु सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं फील्ड ऑफिसर की आवश्यकता है। वेतन : 15,000 - 18,000 प्रतिमाह।PF, ESIC रहने - खाने की व्यवस्था उपलब्ध 9201958117, 8109080600. (RO-855)

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- कुशालपुर कोरियर में पार्सल बांटने एवं मार्केटिंग हेतु पढे लिखे लडके चाहिए। श्रीमारुती कोरियर, कार्नर हाऊस, कालीमाता मंदिर के आगे, रिंगरोड 1, कुशालपुर रायपुर, काल-वाटशप 9399676408.(RO-133)

आवश्यकता है- मार्केटिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता हैं। वेतन -15000 + इंसेंटिव ऑफिस का पता - शंकरनगर, चौपाटी हाउसिंग बोर्ड कॉम्प्लेक्स, चौथी मंजिल, कार्यालय संख्या 414, 415 संपर्क- 9039827355, 9179907797. मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक (RO-138)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- किताब दुकान में कार्य हेतु परमानेंट पार्ट/ फूल टाइम युवक युवतियों, लड़कों (8वीं, 12वीं, स्नातक) की आवश्यकता है। वेतन पांच अंको में योग्यतानुसार। जैन बुक डिपो, सदर बाजार, रायपुर संपर्क करें- 8109535868. (RO-398)

**आया/चौकीदार/ड्रायवर**

आवश्यकता है- Civil लाइंस एवं संतोषी नगर स्थित स्कूल के लिए आवश्यकता है आया-4, घर के लिए-2, चौकीदार-2, ड्राइवर-3, बढ़ाई -2, Model school civil lines raipur Whatsapp 9183253335, 9425214413, 8305233335.(RO-134)

आवश्यकता है- हॉस्पिटल हेतु आयाबाई- 2, घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर, एवं चौकीदार -2 की आवश्यकता है, रहने की सुविधा संपर्कः बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(RO-544)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- दुर्ग, भिलाई, रायपुर स्कूल, स्टाफ बस हेतू महिला कंडक्टर ,ड्राइवर की आवश्यकता आधारकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस (हैवी व्हीकल) watsup करें पता बस स्टैंड दुर्गः- 9343322450, 7385600786, 9424125786.(आरो न - 10496)

**हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, संपर्क करे- 6232022676.(आरो-460)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला, सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड, रायपुर (संपर्क समय 10:30 से 9:00,) 9425522577, 9425522576. (RO-035)

**वार्डन/ड्रायवर/गार्ड**

आवश्यकता है- जैन हॉस्टल रायपुर में वार्डन पुरुष- 1 पद, ई- रिक्शा ड्राईवर- 1 पद, गार्ड- 2 पद, नशा मुक्त, शाकाहारी व्यक्ति एवं ज्वेलरी शॉप के लिए सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता! संपर्क करें:- रहने खाने की सुविधा 8959906595.(RO-7398)

**इलेक्ट्रीशियन/हेल्पर**

आवश्यकता है- विद्युत सबस्टेशन में /अन्य कार्य हेतु आईटीआई/ डिप्लोमा/बीई,( इलेक्ट्रिकल ब्रांच) एवं हेल्पर कार्य हेतु दसवीं पास शासकीय दैनिक वेतन मान पर पता आकाशगंगा सुपेला भिलाई 7646844291. (आरो न - 295)

**खाना मिस्त्री**

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस में खाना देने हेतु लड़कों, खाना बनाने मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, बर्तन धोने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा फ्री। पता- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.(RO-41106)

**अन्य**

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु आवेदन कर 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्रसीमा (18 -42 ) सैलरी- 26500/- 45500/- आवेदन हेतु - मार्कशीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / कॉल करे - 9129993295.(RO-081)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector - 6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (आरो -4154)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - रिसाली धनोरा मातृछाया फेस 2 में 30 * 50 के तीन प्लांट बेचना है एवं आशीषनगर पश्चिम सड़क नंबर 12 में 3 बीएचके2 डुप्लेक्स बेचना हैः- 9827314526, 8817348393. (आरो न - 293)

**For Rent किराया**

किराये पर उपलब्ध- बिलासपुर, व्यापार विहार में गुम्बर पैट्रोल पम्प के पीछे VR NEXUS बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर 2560 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर 1910 वर्गफुट, किराये पर उपलब्ध। (पार्किंग सुविधा) सम्पर्क करें- 9589740766, 9425530355. (RO-40953)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




**Healthcare**



# भारतीय सेना ने छोड़ी ब्रिटिश परंपरा; अपनाई बंदी जैकेट, टैटू-मूंछों और हेयरकट को लेकर नियम सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने औपनिवेशिक दौर की परंपराओं को खत्म करने के लिए अपनी ड्रेस से जुड़े नियमों में बदलाव किए हैं। इसके तहत औपचारिक मौकों पर बंद-गले वाली ‘बंदी’ जैकेट पहनने की मंजूरी दी गई है, सेरेमोनियल पाउच बेल्ट को हटाया गया है और परेड के दौरान रिव्यूइंग अधिकारियों के लिए तलवार साथ रखना वैकल्पिक कर दिया गया है। इन बदलावों की जानकारी हाल ही में जारी 174 पेज के मैनुअल ‘आर्मी यूनिफॉर्म्स-2026’ में दी गई है। बदलावों के तहत, सेना ने सभी रैंक के सैनिकों के लिए ‘3बी’ नाम की एक नई विंटर ड्रेस (सर्दियों की वर्दी) शुरू की है। इसमें अंगोला शर्ट के साथ बैटल जैकेट और बेरेट शामिल है।

**खास बातें**

- औपनिवेशिक ड्रेस परंपराओं को खत्म किया गया
- औपचारिक मौकों पर ‘बंदी’ जैकेट को मंजूरी



**ड्रेस नंबर 5 और 6 में भी बदलाव :** ‘मेस ड्रेस नंबर 5’ और ‘नंबर 6’ से पाउच बेल्ट हटा दी गई है। आसानी और पहचान के लिए सेना में हर यूनिफॉर्म को एक खास ड्रेस नंबर दिया जाता है। मैनुअल में कहा गया है, “ड्रेस नंबर 5 और 6 के साथ पाउच बेल्ट नहीं पहनी जाएगी। हालांकि, रेजिमेंट/कोर के कार्यक्रमों के दौरान सेरेमोनियल ड्रेस के साथ इसे पहना जा सकता है।

### मूछें, टेंटू और धार्मिक चिन्हों को लेकर ये नियम

‘आर्मी यूनिफॉर्म्स-2026’ मैनुअल सैनिकों को याद दिलाता है कि टैटू और शरीर पर पियर्सिंग (छेद करवाना) मना है। यूनिफॉर्म में सैनिक किसी भी तरह का ब्रेसलेट नहीं पहन सकते, सिवाय पूजा के दिन कलाई पर बंधे एक पवित्र धागे के। किसी भी तरह के धार्मिक निशान या चिह्न की इजाजत नहीं है, लेकिन सिख सैनिकों के लिए इसमें छूट है। मूंछें 12 सेमी. से ज्यादा लंबी नहीं होनी चाहिए। सभी कर्मचारियों को यूनिफॉर्म में रहते हुए डिओडोरेंट और परफ्यूम इस्तेमाल करने की मनाही है, हालांकि आफ्टर-शेव लोशन इस्तेमाल करने की इजाजत है।

### यूनिफॉर्म के अलावा क्या बदला?

यूनिफॉर्म के अलावा नियमों में कर्मचारियों के लुक और ग्रूमिंग से जुड़े कई तरह के स्टैंडर्ड शामिल हैं। जैसे कि टैटू और बॉडी पियर्सिंग से लेकर हेयरकट, मूंछें और कॉस्मेटिक्स का इस्तेमाल। पहली बार, नियमों में अधिकारियों को फॉर्मल ड्रेस कोड के तौर पर ‘बंदी जैकेट’ पहनने की इजाजत दी गई है। यह बंदगला, लाउंज सूट, कॉम्बिनेशन ड्रेस या टाई और फॉर्मल ट्राउजर के साथ फुल-स्लीव शर्ट के अलावा है।

### मैनुअल में क्या कहा गया

मैनुअल में कहा गया है, “पूरी आस्तीन वाली शर्ट के ऊपर बंद गले का कोट (बंदी जैकेट) पहना जा सकता है। बंदी जैकेट गले पर हुक वाली या बिना हुक वाली हो सकती है (दोनों तरह के डिजाइन मान्य हैं) और इसका रंग सॉलिड और सोबर होना चाहिए। इसके साथ सोबर डिजाइन वाली मैचिंग फॉर्मल ट्राउजर और बंद फॉर्मल जूते पहने जाने चाहिए।”

### महिला कर्मियों के लिए भी ड्रेस कोड तय

नियमों के तहत महिला अधिकारी सादे रंगों की साड़ियां या दुपट्टे के साथ कुर्ता-सलवार और टखने तक की लंबाई वाली सीधी पैंट पहन सकती हैं। इनमें बिना आस्तीन वाले कुर्ते और पलाजो या सिगरेट पैंट जैसे कैजुअल लोअर पहनने पर साफ तौर पर रोक लगाई गई है।

## जैकेट के शेष

### 50 वर्षों के ....

सर्वाधिक समृद्ध और विकसित आदिवासी क्षेत्र होने का ना केवल ऐलान किया है बल्कि सुनियोजित तरीके से पूरे नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांव में विकास के काम शुरू भी हो गए है। जिसका परिणाम जल्द नजर आने लगेगा। मेरे अलावा सैकड़ों परिवार ने इस समस्या के रहते अपने परिजनों को खोया है अब विकास की धारा तेज होगी।

सवालः प्रभारी मंत्री के रूप में सुकमा को विकास के साथ साथ जितने के लिए क्या कोई योजना है?

जवाबः कई वर्षों से हम सुकमा का विधानसभा चुनाव हारते रहे हैं लेकिन जनता ने लोकसभा, पंचायत और नगरीय निकाय में हमे आशीर्वाद दिया है। अगले चुनाव में कोंटा विधानसभा चुनाव जीतेंगे यह कार्यकर्ताओं ने तय कर लिया है। पहले विषम परिस्थितियां थी, हमारे कार्यकर्ता अंदरूनी क्षेत्र में जा नहीं पाते थे लेकिन अब इस तरह की दिक्कतें नहीं रहेगी।

सवालः केदार कश्यप अगले ढाई साल प्रभारी मंत्री के रूप में क्या कुछ करेंगे?

जवाबः हिडमा के गांव पुवर्ती में हाल ही में स्वास्थ्य शिविर और बाजार शुरू हुआ है। नक्सल आतंक के कारण उन क्षेत्रों में जाना संभव नहीं था। अब वहां सरकार की सभी योजनाएं और मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों तक पहुंचना शुरू हो गया है। बस्तर ओलंपिक के माध्यम से प्रतिभाओं को तराशने का काम शुरू किया गया। प्रभारी मंत्री के रूप में अंदरूनी गांव के युवाओं और प्रतिभाओं को अवसर दे रहे हैं। दसवीं और बारहवीं में सुकमा जिले का परीक्षाफल 92 और 94 प्रतिशत रहा। शिक्षा और स्वास्थ्य समेत सभी तरह के विकास को तेज करने का काम किया जा रहा है।

सवालः वनमंत्री के रूप में आगे की आपकी क्या योजना है?

जवाबः इमली का यूनिट शुरू हो गया है, तीखुर, महुआ, टोरा, साल सीड्स, मिलेट्स आदि को बढ़ाव देकर कुटीर उद्योग के जरिए ग्रामीणों की आमदनी बढ़ाने कार्य हो रहा है। अंदरूनी क्षेत्रों में वन विभाग का सेटअप बढ़ाने का काम किया जा रहा है ताकि जंगल की सुरक्षा हो और वनोपज का लाभ लोगो को ज्यादातर मिले।

सवालः यहां के विधायक कवासी लखमा क्षेत्र से बाहर है अगले चुनाव में इसका फायदा मिलेगा या नुकसान होगा?

जवाबः कवासी लखमा उनके ही पार्टी के लोगों के षड्यंत्र के शिकार हुए। उन्हें बलि का बकरा बनाया गया। कांग्रेस आदिवासी विरोधी है। अब दीपक बैज को भी हटाने के लिए षडयंत्र किया जा रहा है। कवासी लखमा जहां भी रहे भाजपा यहां से जीतेगी।

### बीजापुर में हरिभूमि-आईएनएच ....

विधायक विक्रम शाह मंडावी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी.वेंकट समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इनके अलावा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के सीईओ, वनमंडलाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम में जिले के महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक बहस और चर्चा होगी। कार्यक्रम में जिले के विकास, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, पेयजल सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर खुलकर सवाल-जवाब होंगे। इस दौरान आम जनता और विभिन्न वर्गों से जुड़े प्रतिनिधियों के सवालों के माध्यम से जिले की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर भी संवाद होगा। इस आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा।

### चांदी का मंगलसूत्र ....

विभाग के अफसरों के अनुसार मंगलसूत्र चांदी का होना अनिवार्य नहीं है। चांदी महंगी है इसलिए वित्तीय सीमा और बाजार मूल्य को ध्यान में रखते हुए कृत्रिम मंगलसूत्र दिया गया था। उसमें भी गुणवत्ता की कमी पाई गई तो संबंधित फर्म के भुगतान से प्रति मंगलसूत्र 1 हजार रुपए की कटौती कर यह राशि संबंधित वधुओं के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है।

### कृत्रिम मंगलसूत्र ...

पाए जाने पर संबंधित फर्म के भुगतान से प्रति मंगलसूत्र 1 हजार रुपए की कटौती की गई तथा यह राशि सीधे संबंधित वधुओं के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी गई। परिणामस्वरूप प्रत्येक पात्र कन्या को 36 हजार रुपए की प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता प्राप्त हुई, जबकि शेष राशि विवाह आयोजन एवं आवश्यक सामग्री पर नियमानुसार व्यय की गई। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 10 फरवरी 2026 को आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में किसी प्रकार की वित्तीय अथवा प्रशासनिक अनियमितता नहीं की गई। संपूर्ण आयोजन शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों, वित्तीय प्रावधानों एवं भंडार क्रय नियमों का पालन करते हुए संपन्न कराया गया।

### भारत-फ्रांस में ...

जिसमें रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष, असैन्य परमाणु ऊर्जा, व्यापार और निवेश, तकनीक, नवाचार, शिक्षा, दोनों देशों के लोगों के बीच आवाजाही तथा लोगों के बीच परस्पर संबंध शामिल हैं। नवाचार रूपरेखा, अगले पांच वर्षों में वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य और एक संयुक्त कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ढांचा शामिल हैं।

### ‘मेक इन इंडिया’ के .....

कहा कि हम भारत के ‘मेक इन इंडिया’ कदम का पूरा सम्मान करते हैं और फ्रांस इस मुहिम में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि रक्षा से लेकर टेक्नोलॉजी तक, दोनों देश कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं।

### कक्षा से पहले ....

मध्यान्ह भोजन वितरित किए जाने के पूर्व भी प्रार्थना अनिवार्य कर दी गई है। छात्रों को भोजन मंत्र गाना होगा। इसके बगैर भोजन वितरण नहीं किया जाएगा। कक्षाएं समाप्त होने के बाद विद्यार्थी पहले की तरह सीधे घर नहीं जा सकेंगे। उन्हें प्रार्थना के लिए पुनः कतार बनानी होगी। छुट्टी के दौरान वे राज्यगीत के साथ-साथ गायत्री मंत्र और शांति मंत्र का पाठ करेंगे। 16 जून से ही यह आदेश प्रभावी हो जाएगा।

### व्यवस्था पर बात, चिंता भी....

से परिचय कराना अच्छी बात है, लेकिन इसके पूर्व पर्याप्त व्यवस्थाएं भी की जानी चाहिए। वहीं सोशल मीडिया में भी इसे लेकर लोग दो धड़े में बंट गए हैं। एक वर्ग ने इसे अच्छा प्रयास बताया तो एक वर्ग ने पढ़ाई के समय में होने वाली कटौती पर चिंता व्यक्त की है।

## राहुल गांधी ने विजयन को गले लगाने से इनकार किया

# ‘पिनाराई को गले नहीं लगा सकता’, राहुल की टिप्पणी के बाद गठबंधन में मचा बवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन अंदरूनी कलह से जूझ रहा है। कांग्रेस और वामपंथी दलों के बीच दरारें आ गई हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी को अपने सहयोगियों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि पिछले हफ्ते एक कार्यक्रम में उन्होंने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और सीपीएम के कद्दावर नेता पिनाराई विजयन को गले लगाने से इनकार कर दिया था। इंडी गठबंधन की 8 जून की बैठक के एक ऑडियो भाषण में राहुल गांधी को यह कहते हुए सुना गया कि वह विजयन को गले नहीं लगाएंगे क्योंकि उनके साथ उनकी राजनीतिक लड़ाई चल रही है।



### ‘मैं ऐसा नहीं कर सकता’

उन्हें यह कहते हुए सुना गया, हमारी लड़ाइयां होती हैं लेकिन अगर आप मुझसे केरल के पूर्व मुख्यमंत्री को गले लगाने के लिए कह रहे हैं तो मैं ऐसा नहीं कर सकता और न ही करूंगा, क्योंकि उनके साथ मेरी राजनीतिक लड़ाई चल रही है। केरल में सीपीएम और कांग्रेस एक-दूसरे की घोर विरोधी हैं। कांग्रेस ने हाल ही में विजयन को लगातार दो बार सत्ता में रहने के बाद सत्ता से हटाया है। हालांकि राष्ट्रीय स्तर पर दोनों सहयोगी हैं।

**विपक्षी एकता पर उठने लगे सवाल :** गांधी की टिप्पणी से गठबंधन में बड़ा विवाद खड़ा हो गया, जिससे विपक्ष की एकता के भविष्य पर सवाल उठने लगे। विजयन ने कहा कि उनके बीच गले मिलने का रिवाज नहीं है और उनकी बातचीत आम तौर पर औपचारिक अभिवादन या हाथ मिलाने तक ही सीमित रहती है। उन्होंने बताया कि 2018 में पीएम मोदी को गले लगाने की तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हुई थीं।

### राहुल की टिप्पणी उनकी सोच दर्शाती है : विजयन

विजयन ने पत्रकारों से कहा, मुझे गले लगाने के काम से कोई आपत्ति नहीं है। मुझे चिंता उस टिप्पणी के पीछे छिपे राजनीतिक संदेश को लेकर है। यह राहुल गांधी के नजरिए और इंडी गठबंधन के बारे में उनकी सोच को दर्शाता है।

### लेफ्ट ने गठबंधन सहयोगी पर बढ़ाया दबाव

लेफ्ट ने अपने गठबंधन सहयोगी पर दबाव बढ़ा दिया है। सीपीआईएम के जनरल सेक्रेटरी और पूर्व सांसद एमए बेबी ने कहा कि किसी ने भी राहुल गांधी से विजयन को गले लगाने के लिए नहीं कहा है, लेकिन उन्हें विजयन की गिरफ्तारी की मांग करना बंद कर देना चाहिए। वहीं, पार्टी सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा कि यह गले लगाने का नहीं, बल्कि इंडी ब्लॉक की राजनीति की ईमानदारी का सवाल है।

## इजराइल-हमास युद्ध में अब तक 73 हजार से अधिक ने जान गंवाई

**दीर अल-बलाह।** इजराइल और हमास के बीच युद्ध में जान गंवाने वाले फलस्तीनियों की संख्या 73 हजार के पार हो गई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल अक्टूबर में युद्ध-विराम समझौता लागू होने के बाद भी इजराइल ने गाजा पट्टी में हमले जारी रखे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के रिकॉर्ड विभाग के प्रमुख जाहिर अल-वहीदी और जनसंपर्क विभाग से जुड़े हमजा सलेम ने की पुष्टि की कि इजराइल-हमास युद्ध में मरने वाले फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 73,001 हो गई है।

## दुबई से आई थी फ्लाइट के टॉयलेट में निकला 4.27 करोड़ का सोना

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के एसवीपीआई एयरपोर्ट पर दुबई से आने वाली इंडिगो फ्लाइट नंबर 6E-1478 के टॉयलेट में 4 करोड़ से ज्यादा का सोना मिला। खबर के मुताबिक, एयरपोर्ट पर जब कस्टम अधिकारियों ने फ्लाइट की तलाशी ली तो सब हैरान रह गए। विमान के सामने वाले टॉयलेट में लगा स्पीकर बॉक्स खोलते ही अंदर से काले टेप में लिपटे दो पाउच निकले। यह देखकर हर किसी के होश उड़ गए क्योंकि इसमें 2.8 किलो से ज्यादा शुद्ध सोना छिपाया गया था। इस सोने की लोकल मार्केट वैल्यू लगभग 4 करोड़ 26 लाख 89 हजार 325 रुपये बताई गई है। तलाशी के बाद भी कोई व्यक्ति इस सोने पर अपना दावा करने नहीं आया। लिहाजा कस्टम अधिकारियों ने इसे बिना दावेदार वाली संपत्ति मानते हुए जब्त कर लिया।

**पतंजलि ने किया शंखनाद**

भारतीय मूल्यों पर आधारित प्रशासनिक नेतृत्व निर्माण हेतु पतंजलि सिविल सेवा अकादमी का शुभारंभ

# पतंजलि ने शुरू की सिविल सेवा अकादमी, अवध ओझा को कमान



**हरिद्वार।** पतंजलि ने भारतीय संस्कृति, आधुनिक विज्ञान और राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत आईएएस, आईपीएस एवं अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के निर्माण के उद्देश्य से पतंजलि सिविल सेवा अकादमी के शुभारंभ (शंखनाद) की घोषणा की है। यह अभिनव पहल प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक प्रशासनिक आवश्यकताओं के समन्वय द्वारा भारत की प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा प्रदान करेगी। अकादमी का उद्देश्य केवल सफल प्रशासनिक अधिकारियों का निर्माण करना ही नहीं, बल्कि ऐसे राष्ट्रनिष्ठ नागरिक तैयार करना भी है जो भारत माता की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानें। इस दिशा में अकादमी एक करोड़ समर्पित नागरिकों के निर्माण का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है।

**स्वामी रामदेव ने कहा**

### विरासत और विज्ञान से होगा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण

योगऋषि स्वामी रामदेव जी ने इस अकादमी को शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और युगांतकारी योगदान बताते हुए कहा कि भारत संविधान से संचालित होता है, लेकिन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन का आधार अधिकारियों का चरित्र होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संसार का सबसे बड़ा रचनात्मक कार्य है क्योंकि यह व्यक्ति के मन, चरित्र और नेतृत्व का निर्माण करती है। अकादमी में त्रि-शिक्षा मॉडल अपनाया जाएगा, जिसमें आध्यात्मिक ज्ञान, प्रशासनिक उत्कृष्टता और शैक्षणिक कठोरता का समन्वय होगा। यह मॉडल ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद की त्रिवेणी की तरह कार्य करेगा।

## सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)

प्लॉट नं.15A, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली – 110075

**“विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने की योजना”**

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत, भारतीय शास्त्रीय नृत्य, रंगमंच, दृश्य कला, लोक, पारम्परिक एवं स्वदेशी कलाओं तथा सुगम शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में **“विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने की योजना”** के अंतर्गत ऑफ़लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

कृपया ध्यान दें कि आवेदन पत्र वर्ष 2026-27 हेतु आमंत्रित किए जा रहे हैं, जो 15 जून 2026 से प्रभावी होंगे। इस वर्ष प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों की संख्या 400 है। योजना का विवरण, आवेदकों हेतु निर्देश, योग्यता एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र की निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

www.indiaculture.gov.in, www.ccrtindia.gov.in आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 है। आवेदन पत्र केवल ऑफ़लाइन माध्यम द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे।

www.indiaculture.gov.in, www.ccrtindia.gov.in

**आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 है।**

**आवेदन पत्र केवल ऑफ़लाइन माध्यम द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे।**

CBC 09127/11/0003/2627

## पेज एक के शेष

### 30 साल पहले बन चुका..

हैरानी की बात तो यह है कि इस स्कूल भवन को जिम्मेदार अधिकारियों ने भी भुला दिया। हम बात कर रहे हैं जिले के लुंड्रा विकासखंड अंतर्गत धौरपुर के डूमरडीह में स्थित शासकीय हाई स्कूल भवन की। एक तरफ जहां आज भी जिले के कई शासकीय स्कूल भवन विहीन या जर्जर हैं और उधार के भवन में या फिर खुले आसमान के नीचे संचालित हो रहे है, वहीं दूसरी ओर इस भवन की किस्मत ऐसी है कि निर्माण के बाद भी आज तक इस भवन में कभी पढ़ाई शुरू नहीं हुई। इस भवन का निर्माण इस उद्देश्य से किया गया था कि बच्चे अपना व देश का भविष्य गढ़ेंगे लेकिन बच्चे स्कूल तक पहुंच ही नहीं पाए। ऐसा इसलिए क्योंकि इस स्कूल भवन तक जाने वाले रास्ते को ही बंद करा दिया गया। शासकीय राशि से शासकीय भूमि पर भवन का निर्माण हुआ और वर्षों की मेहनत के बाद भवन बनकर तैयार भी हुआ लेकिन भवन बनने के बाद ही कुछ लोगों ने स्कूल को लगने ही नहीं दिया। स्कूल जाने के रास्ते पर कब्जा कर लिया गया। ऐसा नहीं है कि इस भवन के निर्माण उपरान्त कक्षाओं का संचालन करने के लिए लोगों ने कभी पहल नहीं की। ग्रामीणों ने लगातार इस संबंध में शिकायतें भी की लेकिन अधिकारी इस स्कूल भवन तक रास्ता खोल नहीं पाए और ना ही स्कूल खुलवाने की हिम्मत जुटा पाए। नतीजा यह हुआ कि लाखों रूपए की लागत से शासकीय जमीन पर बना यह भव्य स्कूल छात्र व शिक्षकों के इंजतार में खंडहर में तब्दील हो रहा है। वर्षों तक स्कूल नहीं खुलने और देखरेख की कमी के कारण भवन जर्जर स्थिति में है।

**कर दिया गया था हैंडओवर :** बताया जा रहा है कि धौरपुर के डूमरडीह में इस हाई स्कूल भवन का निर्माण वर्ष 1995-96 में किया गया था। भवन बनने के बाद इसको लोक निर्माण विभाग को हैण्डओवर भी कर दिया गया था और लोनिवि ने भवन स्कूल शिक्षा विभाग को हैण्डओवर कर दिया था। इसके बाद जिस सरकारी जमीन पर स्कूल भवन बना था उस पर नजर गड़ाए बैठे दबंगों ने स्कूल भवन तक जाने वाले रास्ते पर ही अवैध कब्जा कर लिया। इस वजह से प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग कभी स्कूल लगाने की हिम्मत नहीं जुटा सका।

**अब फिर से उठी मांग, कलेक्टर से शिकायत :** भवन बनने के लगभग 25 से 30 वर्षों बाद यह मुद्दा फिर से उठने लगा है। गांव के युवा इस आशय की शिकायत कई बार प्रशासन से कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में लोगों ने भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया से मामले की शिकायत की है। जिसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष ने भी कलेक्टर सरगुजा को इस भवन से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से इसकी जांच कराने व भवन को फिर से रंगरोगन कर शुरू कराने की मांग की है।

### तरीघाट में मासूमों का...

जा रहा है। लगभग 35 विद्यार्थियों की पढ़ाई सीमित संसाधनों के बीच हो रही है। पूर्व माध्यमिक शाला में भी लगभग 40 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन बच्चों का भविष्य ऐसे परिसर में आकार ले रहा है जहां सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। बारिश के दौरान भवनों की हालत और अधिक खराब हो जाती है तथा कभी भी छत या दीवार का हिस्सा गिर सकता है। गांव की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि आजादी के दशकों बाद भी तरीघाट में प्राथमिक शाला का स्थायी एवं मूल भवन उपलब्ध नहीं हो पाया है।

### बेटियों के बालिग हो जाने ...

बरकरार रखा है, जिसमें बेटी को हर महीने 5000 रुपए का भरण पोषण देने का निर्देश दिया गया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच ने यह फैसला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले से जुड़े मामले में दिया।

### पहले पिटाई, फिर ट्रैक्टर से...

बचाकर भाग रहे बुजुर्ग को ट्रैक्टर से घसीटते हुए लेजाकर कुचल दिया गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दिनदहाड़े जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में की गई हत्या से लोगों में दहशत का माहौल है।

### दोनों पक्षों को दिया आदेश...

निसंतान थी और उसका भरण पोषण धनेश्वरी द्वारा किया जाता था। महिला ने अपने जीवनकाल में ही 6.30 एकड़ भूमि का वसीयतनामा धनेश्वरी के नाम कर दिया था लेकिन कामेश्वरी के भतीजा भुनेश्वर पैंकरा भी 6.30 एकड़ भूमि में अपने शिक्षक पुत्र बजरंग पैंकरा के साथ राजस्व विभाग में दावा ठोककर अपना नाम दर्ज करवा लिया। दोनों परिवारों द्वारा उक्त भूमि पर अपना दावा किया जाता है और मामला एसडीएम कार्यालय में चल रहा था। इस दौरान तत्कालीन एसडीएम नीरज कौशिक द्वारा 25 अप्रैल 2025 को पहला आदेश कर होशराम के परिवार के नाम पर नामांतरण का आदेश कर दिया जबकि 18 सितंबर 2025 को उन्होंने दूसरे पक्ष के नाम नामांतरण का आदेश कर दिया और यही से दोनों पक्षों के बीच विवाद और भी गहराता गया।

### समुद्र में तड़प-तड़प कर...

लेकिन उसे अनसुना कर दिया गया। अब दावा किया जा रहा है कि अमेरिकी नौसेना मृतक नाविक निशांत उर्थनाथन के शव को निकालने की अनुमति नहीं दे रही है।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6257



बगलोर

**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 6256 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | | | क | लि | का | |
| प | र | | ला | | सा | ग | र | | बु | आ |
| ह | | | प | ह | रा | | ण | | | खे |
| र | स | खा | न | | | म | | क | प | ट |
| ण | | लि | | न | भ | च | र | | रा | |
| | आ | स | | सी | | ल | | ग | स्त | |
| | रा | | प | ह | न | ना | | रु | | ड |
| शा | म | त | | त | | | ता | र | ता | र |
| य | | | तै | | जा | हि | र | | | ल |
| द | म | | र | सी | ला | | पी | | ज | ग |
| | न | गी | ना | | | म | न | भ | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 6267

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |


MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6266 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## खबर संक्षेप




### साल्टस्टेज अपने फोलियो में 22 संपत्तियां जोड़ेगी

**मुंबई।** आतिथ्य क्षेत्र की कंपनी साल्टस्टेज़ ने चालू वित्त वर्ष में 22 से अधिक संपत्तियों को जोड़ने की योजना बनाई हैं, जिसके साथ उसका कुल पोर्टफोलियो 55 पर पहुंच जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी देश के पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगी। कंपनी के पास वर्तमान में मिड-प्रीमियम से प्रीमियम श्रेणी में लगभग 1,214 कमरों वाले 33 होटल हैं। साल्टस्टेज के सह-संस्थापक गौरव गुप्ता ने कहा, 'हम इस वित्त वर्ष में 22 और होटल जोड़ने की योजना बना रहे हैं, जिससे इस वर्ष होटल की कुल संख्या 55 हो जाएगी।

### एम्बैसी निर्माण पर करेगी 2,000 करोड़ रुपए खर्च

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एम्बैसी डेवलपमेंट्स लिमिटेड चालू वित्त वर्ष में विभिन्न आवासीय परियोजनाओं के निर्माण



कार्यों पर लगभग 2,000 करोड़ रुपये तक निवेश करेगी, ताकि परियोजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा किया जा सके। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। बेंगलुरु स्थित एम्बैसी समूह की कंपनी एम्बैसी डेवलपमेंट्स ने वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 1,200 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

### आठ कंपनियों का पूंजीकरण 1.90 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1.90 लाख



करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान शेयर बाजार में तेजी के बीच आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,284.61 अंक यानी 1.73 प्रतिशत चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 256.2 अंक यानी एक प्रतिशत मजबूत हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ में रहीं।

### मांग प्रभावित रहने से सोयाबीन तेल की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध टलने की संभावनाओं के कारण स्थानीय बाजार की मांग



प्रभावित रहने से बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा गर्मी की फसल की आवक के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई। वहीं कम आवक के बीच सुस्त मांग के कारण सरसों तेल-तिलहन तथा नगण्य उपलब्धता के बीच बिनौला तेल के दाम में मामूली सुधार आया।

### क्रिकेटर रोहित का फिटनेस स्टार्टअप में निवेश

**नई दिल्ली।** क्रिकेट खिलाड़ी रोहित शर्मा ने स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती क्षेत्र के स्टार्टअप 'एफआईटीटीआर' में निवेश किया है। रोहित शर्मा के निवेश की राशि के बारे में जानकारी नहीं



मिली है। शर्मा ने कंपनी के साथ अपने रिश्ते की शुरुआत इसके ब्रांड एंबेसडर के रूप में की थी। कंपनी ने एक बयान में कहा, '...रोहित को अपने व्यक्तिगत मूल्यों और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ कंपनी का गहरा सामंजस्य मिला, जिससे उन्होंने एंबेसडर बनने से लेकर एक निवेशक और इक्विटी साझेदार बनने का सफर तय किया।'

# भ्रामक दावा करने वाली 8 कंपनियों को 'एफएसएसएआई' का नोटिस

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के उल्लंघन के आरोप में भ्रामक ब्रांड नाम, ट्रेड नाम और उत्पाद दावों का इस्तेमाल करने वाली आठ खाद्य कंपनियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस पाने वाली कंपनियों में इमामी हेल्दी एंड टेस्टी, हेल्थ एड, टूवी, द हेल्दी फैक्टरी, हेल्दी मास्टर, हेल्दी चॉइस, प्लान बी और न्यूहर्ब्स शामिल हैं। नियामक ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच के माध्यम से इस कार्रवाई की जानकारी दी। प्राधिकरण का कहना है कि इन उत्पादों पर किए गए दावे उपभोक्ताओं को भ्रमित कर सकते हैं और नियमों के अनुरूप नहीं दिखते। न्यूहर्ब्स की 'टू विटामिन' उत्पाद श्रृंखला को भी नोटिस मिला है। एफएसएसएआई के अनुसार, 'टू विटामिन' जैसा व्यापारिक नाम उसके नियमों में परिभाषित या मान्यता प्राप्त नहीं है, इसलिए यह उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है।

#### हेल्थी होने के दावे को लेकर सवाल

इसी प्रकार, टूवी के 'हेल्दी मिक्स वेजी चिप्स', 'हेल्दी रागी चिप्स' और 'हेल्दी मूंग दाल चिप्स' जैसे स्नैक उत्पादों पर 'हेल्दी' होने के दावे को लेकर सवाल उठाए गए हैं। नियामक का कहना है कि इनमें कई अन्य सामग्री भी शामिल हैं, ऐसे में इन उत्पादों को 'हेल्दी' बताना भ्रामक हो सकता है।

### ये कंपनियां भ्रामक ब्रांड नाम, ट्रेड नाम व उत्पाद दावों का इस्तेमाल कर रही थी

#### इमामी हेल्दी का ट्रेड नाम गुमराह कर रहा

एफएसएसएआई के अनुसार, इमामी हेल्दी एंड टेस्टी का 'ट्रेड' नाम उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है और यह लागू नियमों का उल्लंघन प्रतीत होता है। यह कंपनी कोलकाता स्थित इमामी समूह की खाद्य तेल इकाई है। वहीं, प्लान बी अपने उत्पादों को 'प्लांट बेस्ड वीगन' के रूप में प्रचारित करती है।




#### द हेल्थी फैक्टरी के उत्पाद जांच के दायरे में

एफएसएसएआई का कहना है कि कंपनी ने वीगन खाद्य उत्पादों के समर्थन संबंधी आवश्यक स्वीकृति लिए बिना अपने उत्पादों को वीगन के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपभोक्ताओं में गलत धारणा बन सकती है। द हेल्दी फैक्टरी के 'जीरो मैदा होल व्हीट ब्रेड' और 'जीरो मैदा पिज्जा बेस' उत्पादों को भी जांच के दायरे में लाया गया है।

## उद्योग विशेषज्ञों का मानना, समझौते से शुल्क रियायतें मिलेगी

# मुक्त व्यापार समझौतों से फर्नीचर निर्यात घरेलू विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा : उद्योग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत द्वारा हाल के वर्षों में किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से देश के फर्नीचर उद्योग के निर्यात और घरेलू विनिर्माण को बड़ा प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इन समझौतों के तहत मिलने वाली शुल्क रियायतें भारतीय कंपनियों को विदेशी बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देंगी तथा देश में निवेश और उत्पादन क्षमता विस्तार को भी बढ़ावा मिलेगा।

- भारतीय कंपनियां विदेशी बाजार में प्रतिस्पर्धा कर पाएगी

भारत ने अब तक मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) समूह और ओमान के साथ एफटीए लागू किए हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड और ब्रिटेन के साथ ऐसे समझौते किए जा चुके हैं, जबकि यूरोपीय संघ के साथ वार्ता पूरी होने की घोषणा की गई है।

#### खास बातें

- देश में निवेश और उत्पादन क्षमता विस्तार को बढ़ावा मिलेगा
- भारत ने अब तक यूएई, ईएफटीए व ओमान के साथ एफटीए लागू किया है



#### निर्यात के बड़े अवसर खुलेंगे

देश इजराइल, कनाडा, पेरू, चिली, खाड़ी सहयोग परिषद (बहरीन, कुवैत, कतर और सऊदी अरब) तथा यूरेशियन आर्थिक संघ (आर्मेनिया, बेलारूस, कजाखस्तान, किर्गिस्तान और रूस) के साथ भी इसी प्रकार के व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। गुजरात स्थित निप्पॉनप्लाई इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक केतन ठक्कर ने कहा कि इन समझौतों से भारतीय फर्नीचर उद्योग के लिए निर्यात के बड़े अवसर खुलेंगे।

#### भारतीय उत्पाद वैश्विक मानकों पर खरे उतरते हैं

उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि कंपनी ने पहले ही निर्यात शुरू कर दिया है और भारतीय उत्पाद वैश्विक मानकों पर खरे उतरते हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अच्छी मांग है। ठक्कर ने कहा कि इस क्षेत्र में आयात प्रतिस्थापन की भी व्यापक संभावनाएं हैं। भारत अभी बड़ी मात्रा में उच्च श्रेणी के कार्यालय और घरेलू फर्नीचर उत्पादों का आयात करता है, जबकि इन्हें देश में ही निर्मित किया जा सकता है।

#### फर्नीचर पर सुरक्षा देने वाली विशेष सतहें

निप्पॉनप्लाई इंडस्ट्रीज की परियोजना प्रमुख आस्था ठक्कर ने बताया कि कंपनी को डाइनिंग और ऑफिस टेबल-चेयर, कॉन्फ्रेंस टेबल तथा मोनोलिथिक बफे टेबल जैसे उत्पादों के लिए अच्छी पूछताछ मिल रही है। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों में अग्निरोधी सतह प्रणाली के साथ खरोंच और दाग-धब्बों से सुरक्षा देने वाली विशेष सतहें हैं।

#### ऑरा नाम से कार्यालय उत्पाद पेश

कंपनी ने हाल ही में 'ऑरा' नाम से प्रीमियम घरेलू और कार्यालय उत्पादों की नई श्रृंखला पेश की है। कंपनी के निदेशक स्मित ठक्कर के अनुसार, ये उत्पाद कंपनी की पेटेंट प्राप्त प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं, जिससे उनकी मजबूती और आकर्षण बढ़ता है।

#### निर्यात के विशाल अवसर उपलब्ध कराए

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) के कुलपति राकेश मोहन जोशी ने कहा कि एफटीए ने भारतीय फर्नीचर उद्योग के लिए निर्यात के विशाल अवसर उपलब्ध कराए हैं और उद्योग को इनका पूरा लाभ उठाना चाहिए। इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए भारत क्लस्टर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (बीसीवीपीएल) के संस्थापक अमित आर. बरोट ने कहा कि उनकी कंपनी यूरोप और अमेरिका को निर्यात कर रही है।

## खाड़ी समझौता व कच्चे तेल से तय होगी सराफा की कीमतों की दिशा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति संबंधी बैठकों, अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच अगले सप्ताह सोने की कीमतें सीमित दायरे में रह सकती हैं। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक ब्याज दर परिदृश्य के संकेतों के लिए बैंक ऑफ जापान, अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ इंग्लैंड की बैठकों के साथ-साथ ब्रिटेन, यूरो क्षेत्र, जर्मनी और जापान के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर बारीक नजर रखी जाएगी।

- अगले सप्ताह कीमतें सीमित दायरे में रह सकती है

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते को अंतिम रूप दिया जाना सर्राफा कीमतों के लिए प्रमुख कारक बना रहेगा। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी-जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, अमेरिका-ईरान समझौते को अंतिम रूप दिए जाने पर करीबी नजर रहेगी। यदि समझौते पर हस्ताक्षर होते हैं तो जोखिम वाली परिसंपत्तियों में तेजी का दौर बढ़ सकता है, जिससे सोने और चांदी को भी बल मिल सकता है। हालांकि, किसी भी तरह का तनाव बढ़ना बाजारों के लिए नकारात्मक होगा। घरेलू बाजार में, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त डिलिवरी वाला सोना वायदा भाव सप्ताह के दौरान 5,066 रुपये अथवा 3.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ लगभग 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।



#### एमसीएक्स में सोना वायदा में गिरावट दर्ज

एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस एवं मुद्रा शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, सोने की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई और एमसीएक्स पर अगस्त वायदा अनुबंध का भाव तीन प्रतिशत से अधिक टूटकर 1,48,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक आ गया।


## महंगाई के आंकड़े और फेड के निर्णय से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से महंगाई के आंकड़ों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर संबंधी घोषणा और कच्चे तेल की कीमतों के रुख से तय होगी।

- अमेरिकी-ईरान शांति समझौता की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि रविवार को संभावित अमेरिका-ईरान समझौते की स्थिति, विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और वैश्विक बाजारों के रुझान भी घरेलू शेयर बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे। रिलायंस ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा, ''घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर मई माह के थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी।'' उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक और उसका निर्णय सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम होगा।



#### एफपीआई बाजार से 2.87 लाख करोड़ निकाल चुके

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, 2026 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 2.87 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह पूरे 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक है।

#### मानसून की प्रगति पर होगी निवेशकों की नजर

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की निगाह मानसून की प्रगति और महंगाई की स्थिति पर रहेगी। उन्होंने कहा कि 16-17 जून को होने वाली फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक पर भी निवेशकों की नजर है।

## स्वराज ट्रैक्टर्स 70 एचपी खंड में उतरने की तैयारी

एजेंसी ▸▸| मुंबई

महिंद्रा समूह की अनुषंगी कंपनी स्वराज ट्रैक्टर्स विशेष जरूरत वाले ग्राहकों के लिए 70 हॉर्सपावर (एचपी) से अधिक क्षमता वाले ट्रैक्टर खंड में प्रवेश करने की योजना बना रही है। साथ ही कंपनी पंजाब स्थित अपनी विनिर्माण इकाई में पेंट शॉप की क्षमता बढ़ाने के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। स्वराज ट्रैक्टर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गगनजोत सिंह ने कहा कि कंपनी अगले पांच से सात वर्षों के दौरान हर साल कम से कम एक नया उत्पाद बाजार में उतारने का लक्ष्य रखती है। इसके अलावा वह अपनी अगली पीढ़ी के प्रीमियम ट्रैक्टर 'प्रोटेक' का भौगोलिक विस्तार करेगी और उत्पाद पोर्टफोलियो भी बढ़ाएगी। कंपनी के मौजूदा उत्पाद पोर्टफोलियो में स्वराज 855, 735, 744, 960, 742, 963, कॉम्पैक्ट स्वराज टारगेट, हाल में पेश की गई 'नया स्वराज' श्रृंखला और 'प्रोटेक' शामिल हैं।



## आईपीओ की राह पर आगे बढ़ा एनएसई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अगले सप्ताह एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच सकता है। मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार, एनएसई 15 या 16 जून को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल कर सकता है।

एनएसई के निदेशक मंडल ने छह फरवरी को प्रस्तावित आईपीओ को मंजूरी दी थी। यह मंजूरी सेबी से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) मिलने के बाद दी गई थी। सूत्रों के मुताबिक, यह आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा, यानी इसमें देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज की ओर से कोई नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा। मौजूदा शेयरधारक अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे। एनएसई के शेयरधारकों में घरेलू वित्तीय संस्थान, बीमा कंपनियां, विदेशी निवेशक और व्यक्तिगत निवेशक शामिल हैं। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) 10.72 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एनएसई की सबसे बड़ी शेयरधारक है। वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और उसकी अनुषंगी एसबीआई कैपिटल मार्केट्स की संयुक्त हिस्सेदारी करीब 7.5 प्रतिशत है। विदेशी निवेशकों में टेमासेक की अनुषगी अरांदा इन्वेस्टमेंट्स और कनाडा के पेंशन योजना निवेश बोर्ड (सीपीपीआईबी) की भी उल्लेखनीय हिस्सेदारी है।




#### एनएसई का मूल्यांकन पांच लाख करोड़ रुपए

गैर-सूचीबद्ध (अनलिस्टेड) बाजार में एनएसई का मूल्यांकन पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक आंका जा रहा है। एक्सचेंज के लगभग 1.8 लाख शेयरधारक हैं। गौरतलब है कि एनएसई ने पहली बार 2016 में लगभग 10,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे, लेकिन सेबी ने कामकाज के संचालन और को-लोकेशन मामले से जुड़ी चिंताओं के कारण मंजूरी रोक दी थी।

## हिताची गुजरात में बिजली ट्रांसफॉर्मर संयंत्र लगाएगी

**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी इंडिया गुजरात में बड़े बिजली ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण कारखाने की स्थापना के लिए लगभग 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने कहा कि वह गुजरात के करजन (वडोदरा) में बड़ा बिजली ट्रांसफॉर्मर (एलपीटी) कारखाना स्थापित करने के लिए करीब 2,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।




कंपनी ने कहा कि वह भारत और दुनिया भर में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी विनिर्माण क्षमता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के अनुसार, नया कारखाना भारत में भरोसेमंद, दक्ष और उच्च गुणवत्ता वाले बिजली उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद करेगा।

## भारत में मेमोरी चिप निर्माण में बढ़ सकता है निवेशः वैष्णव

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत में मेमोरी चिप के विनिर्माण के लिए नई कंपनियों द्वारा निवेश किए जाने की संभावना है, जबकि मौजूदा निवेशक भी इस क्षेत्र में आपूर्ति-मांग के अंतर को कम करने के लिए उत्पादन बढ़ाएंगे।

- उत्पादन बढ़ाएंगी मौजूदा कंपनियां

वैष्णव ने कहा कि मेमोरी कार्ड और उन्नत चिप की मजबूत मांग के कारण वैश्विक आपूर्ति पर दबाव बढ़ा है और पिछले कुछ तिमाहियों में कीमतों में वृद्धि देखने को मिली है। इसके चलते विनिर्माता वैश्विक स्तर पर बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए निवेश और उत्पादन क्षमता बढ़ा रहे हैं। चिप की कीमतों में वृद्धि ने स्मार्टफोन और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की उत्पादन लागत भी बढ़ा दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, निश्चित रूप से मेमोरी विनिर्माण इकाइयों में काफी अधिक निवेश आ रहा है और इसका कारण यह है कि सेमीकंडक्टर उद्योग जिस तेजी से बढ़ा है, उसमें पहली बार कुछ ऐसे कलपुर्जों की भारी कमी देखने को मिल रही है, जिनकी आवश्यकता कृत्रिम मेधा (एआई) डेटा सेंटर और हाई बैंडविड्थ मेमोरी चिप्स में होती है। हाई बैंडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) चिप एक उन्नत कंप्यूटर मेमोरी है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से एआई, सुपरकंप्यूटर, डेटा सेंटर और हाई-एंड ग्राफिक्स प्रोसेसिंग में होता है। उन्होंने बताया कि भारत में डेटा सेंटर निवेश जल्द ही 200 अरब डॉलर को पार कर सकता है, जिसके लिए विशाल स्टोरेज क्षमता की आवश्यकता होगी।



#### मेमोरी क्षेत्र में आपूर्ति-मांग असंतुलन बना हुआ

वैष्णव ने कहा कि मेमोरी क्षेत्र में गंभीर आपूर्ति-मांग असंतुलन बना हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या इस क्षेत्र में नए निवेश आएंगे या मौजूदा कंपनियां उत्पादन बढ़ाएंगी, वैष्णव ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों ही स्थितियां संभव हैं। उन्होंने कहा कि 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 1.0' के तहत लगभग 48 स्टार्टअप प्रौद्योगिकी उत्पादों पर काम कर सकते हैं।

## सीईओ ने कहा, बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद ध्यान अग्रणी बने रहने पर

# एलआईसी अपनी अग्रणी स्थिति और करेगी मजबूत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरईस्वामी ने कहा है कि जीवन बीमा क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद एलआईसी बाजार में अपनी अग्रणी स्थिति को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगी तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी। अभी जीवन बीमा क्षेत्र में एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत है और यह 57 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परिसंपत्तियों का प्रबंधन करती है। कंपनी की रियल एस्टेट संपत्तियों का मूल्य लगभग 60,000 करोड़ रुपये है। दुरईस्वामी ने कहा कि एलआईसी की विकास यात्रा भारत की प्रगति से गहराई से जुड़ी रही है और भविष्य में भी यह संबंध कायम रहेगा।

- जीवन बीमा में एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी 60 प्रतिशत




**राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दियाः** सीईओ ने कहा, जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था बढ़ती है, एलआईसी भी बढ़ती है। एलआईसी की वृद्धि देश की आर्थिक प्रगति को भी गति देती है।" उन्होंने कहा कि 1956 में स्थापना के बाद से एलआईसी ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अब 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में भी अपनी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

#### 245 बीमा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण कर एलआईसी का गठन

एलआईसी की स्थापना एक सितंबर, 1956 को जीवन बीमा कारोबार के विस्तार, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों तक इसकी पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। उस समय 245 भारतीय और विदेशी बीमा कंपनियों तथा भविष्य निधि संस्थाओं का राष्ट्रीयकरण कर एलआईसी का गठन किया गया था।

#### हम भविष्य में भी देश की जरूरतें पूरी करेंगे

दुरईस्वामी ने कहा, 1956 से 2026 तक की हमारी यात्रा देश के विकास के साथ जुड़ी रही है। हम भविष्य में भी देश की जरूरतों को पूरा करने और उसके विकास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि एलआईसी न केवल भारत बल्कि पूरे एशिया की सबसे बड़ी वित्तीय संस्थाओं में से एक है और इतने बड़े आकार के साथ समाज तथा देश के प्रति विशेष जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है।

#### नए खिलाड़ियों के प्रवेश के बावजूद लक्ष्य पर नजर

भविष्य की रणनीति पर उन्होंने कहा कि बाजार में नए खिलाड़ियों के प्रवेश के बावजूद एलआईसी का लक्ष्य केवल नेतृत्व वाली स्थिति बनाए रखना नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धियों से पर्याप्त बढ़त बनाए रखना है। उन्होंने कहा, हमारी आकांक्षा है कि 75वें वर्ष, 100वें वर्ष और उसके बाद भी एलआईसी समृद्ध और मजबूत संस्था बनी रहे तथा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देती रहे।

## विनीसियस जूनियर ने दागा अपना 10वां अंतरराष्ट्रीय गोल, मोरक्को से खेला ड्रॉ

# असली रंग में नहीं दिखा चैंपियन ब्राजील


विनीसियस जूनियर

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

रिकॉर्ड पांच बार की चैंपियन ब्राजील की टीम फुटबॉल विश्व कप के अपने पहले मैच में असली रंग में नहीं दिखी और मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में शुरू में पिछड़ गई लेकिन विनीसियस जूनियर के गोल की बदौलत 1-1 से ड्रॉ हासिल करने में सफल रही। ब्राज़ील 2002 से खिताब नहीं जीत पाया है और उस पर इसका दबाव स्पष्ट नजर आ रहा था। दूसरी तरफ मोरक्को की टीम ने आक्रामक शुरुआत की।

चार साल पहले सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मोरक्को की टीम ने पहले 30 मिनट में ब्राजील के गोल पर 12 शॉट लगाए। उसने इस बीच इस्माइल सैबारी के 21वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने गोलकीपर एलिसन बेकर के ऊपर से एक शानदार चिप शॉट से यह गोल किया।

### विनीसियस ने किया 32वें मिनट में बराबरी का गोल

विनीसियस जूनियर ने 32वें मिनट में बराबरी का गोल किया। विनीसियस बाएं छोर से ब्रूनो गुइमारेस के साथ पास का आदान-प्रदान करके आगे बढ़े। उन्होंने नील एल ऐनाउई को चकमा दिया और गोलकीपर यासीन बोनू को छकाते हुए दाहिने पैर से शॉट मारकर अपना 10वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया।

## ऑस्ट्रेलिया ने जीता मुकाबला, तुर्किए की 24 साल बाद वापसी का जश्न फीका

**वैंकूवर।** नेस्टोरी इरंकुंडा और कॉनर मेटकाफ के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से जीत दर्ज करके तुर्किए की 24 साल बाद विश्व कप फुटबॉल में वापसी के जश्न में रंग में भंग डाल दिया। इस मैच को देखने के लिए फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी स्टेडियम में पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलिया की जीत का श्रेय उसके गोलकीपर पैट्रिक बीच को भी जाता है, जिन्होंने ग्रुप डी के इस मैच में आठ शानदार बचाव किए। ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार और कुल मिलाकर सातवीं बार विश्व कप में खेल रहा था। तुर्किए 2002 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा था, लेकिन उसके बाद लगातार पांच टूर्नामेंट में जगह बनाने से चूक गया। उसने इस साल प्लेऑफ में कोसोवो को हराकर क्वालीफाई किया। इरंकुंडा ने तीन डिफेंडरों से घिरे होने के बावजूद 27वें मिनट में निचले शॉट से गोल करके ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। वाटफोर्ड के लिए खेलने वाले 20 वर्षीय इरंकुंडा ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विश्व कप में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए हैं।


नेस्टोरी इरंकुंडा



## स्कॉटलैंड ने 32 साल बाद की वापसी, हैती को हराया

**फॉक्सबोरो।** जॉन मैकगिन के 28वें मिनट में किए गए गोल की मदद से स्कॉटलैंड ने ग्रुप सी के मैच में हैती को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में 32 साल बाद शानदार वापसी की। हैती के एक डिफेंडर से टकराकर गेंद मैकगिन के पास पहुंची और उन्होंने गोलकीपर जॉनी प्लासिड को चकमा देते हुए गोल दाग दिया, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहा है। उसने 1990 के बाद विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की। तब उसने स्वीडन को 2-1 से हराया था। स्कॉटलैंड तीन अंक लेकर ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। हैती 1974 के बाद पहली बार विश्व कप में भाग ले रहा है। उसे अब भी विश्व कप में अपने पहले अंक का इंतजार है।

## कतर ने किया इंजरी टाइम में गोल, स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोका

**सांता क्लारा।** बौलेम खौखी के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गए गोल की मदद से कतर ने फुटबॉल विश्व कप के ग्रुप बी में मजबूत दावेदार माने जा रहे स्विट्जरलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। ब्रील एम्बोलो ने 17वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्विट्जरलैंड को बढ़त दिलाई। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन अंतिम सीटी बजाने से कुछ देर पहले लेवी स्टेडियम में 67,966 दर्शकों के सामने खेले गए मैच में खौखी ने हेडर से बराबरी का गोल दागकर कतर को विश्व कप में अपना पहला अंक दिलाया। कतर चार साल पहले अपने देश में विश्व खेले गए विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था और यहां पहले मैच में वह बहुत प्रभावित नहीं कर पाया। स्विट्जरलैंड की टीम ने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए, जिसके कारण उसे एक अंक से संतोष करना पड़ा।


बौलेम खौखी



## चौथा विश्वकप खेलने को तैयार बेल्जियम के ब्रुइन

**रेनटन।** केविन डी ब्रुइन ने अपने शानदार करियर में कई उपलब्धियां हासिल की हैं लेकिन इसके बावजूद बेल्जियम का यह स्टार मिडफील्डर अपने चौथे विश्व कप को किसी भी तरह से हल्के से नहीं ले रहा है। बेल्जियम के मिस्र के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच से दो दिन पहले 35 वर्षीय डी ब्रुइन ने कहा कि मैनचेस्टर सिटी के लिए प्रीमियर लीग में शानदार खिलाड़ी के रूप में उनके दिनों से बहुत कुछ बदल गया है। वह पिछले लगभग दो दशक से बेल्जियम के लिए खेल रहे हैं और उन्होंने अभी तक उसकी तरफ से 119 मैच खेले हैं। अपने करियर के दौरान वह दो बार प्रीमियर लीग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुने गए डी ब्रुइन ने कहा, 'लगभग 16 साल तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने के बाद भी टीम में बने रहना मेरे लिए सम्मान की बात है। इसका मतलब है कि मैंने कुछ अच्छा किया है।' उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि मैं टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहूंगा। मैं बेल्जियम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं लेकिन मैं किसी भी चीज को हल्के से नहीं ले रहा हूं।'

## जर्मनी के गोलकीपर नेउर फिट, खेलेंगे 5वीं बार विश्वकप




**ह्यूस्टन।** जर्मनी के गोलकीपर मैनुअल नेउर पिछले महीने लगी पिंडली की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं और अपने देश की तरफ से सर्वाधिक पांच विश्व कप खेलने के लोथर मैथ्यूस के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए तैयार हैं। यह 40 वर्षीय खिलाड़ी लगभग दो साल बाद जर्मनी के लिए खेलेगा। कोच जूलियन नागेल्समैन ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास वापस आने के लिए राजी किया था। बायर्न म्यूनिख के कप्तान नेउर 2014 की विश्व कप विजेता टीम के एकमात्र सदस्य हैं, जो जर्मनी की वर्तमान टीम में शामिल हैं। यह उनका पांचवां विश्व कप होगा, जिससे वह मैथ्यूस के जर्मन रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे।

## खबर संक्षेप



### शेल्टन ने जीता पहला ग्रास कोर्ट का खिताब

**स्टुटगार्ट।** बेन शेल्टन ने दो अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल में गत चैंपियन टेलर फ्रिट्ज को हराकर स्टुटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। शेल्टन ने तीन सेट में 6-4, 2-6, 6-4 से जीत दर्ज की। तेइस साल के शेल्टन ने 11 में से 9 ब्रेक प्वाइंट बचाए और ग्रास कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीता। उन्होंने जिरी लेहेका के खिलाफ सेमीफाइनल में भी दो मैच प्वाइंट बचाए थे। दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी शेल्टन के करियर का यह छठा और मौजूदा सत्र का तीसरा खिताब है।

### कोनोली ने ऑस्ट्रेलिया को व्हाइट वॉश से बचाया

**मीरपुर।** ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को आखिरी वनडे में हराते हुए तीन मैच की सीरीज में क्लीन स्वीप टाला। हालांकि उसे जीत में बड़ी दिक्कत हुई। 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय ऑस्ट्रेलिया ने कूपर कोनोली (149) के शतक के बूते पांच विकेट पर 266 रन बना लिए थे। फिर छह रन में चार विकेट गिर गए और लगा कि बांग्लादेश बाजी मार ले जाएगी। लेकिन एडम जैंपा (4) और राइली मेरेडिथ (2) ने तीन गेंद बाकी रहते टीम को जिता दिया। इससे पहले बांग्लादेश ने तौहिद हृदय (83), मोसाद्देक हुसैन (56) और लिटन दास (58) के अर्धशतकों से पांच विकेट पर 274 का स्कोर खड़ा किया। कोनोली और ऑलिवर पीक (27) ने छठे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी करते हुए टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया।



**टी20 महिला विश्व कप**
**जीत के साथ टीम इंडिया का आगाज, पाकिस्तान को 64 रन से दी मात**

# पहले स्मृति का प्रहार, फिर दीप्ति का वार, पाक की शर्मनाक हार

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के अर्धशतक के बाद अनुभवी दीप्ति शर्मा के 5 विकेट से भारत ने आईसीसी टी20 महिला विश्व कप के ग्रुप-एक मैच में रविवार को पाकिस्तान को 64 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

भारत के 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम ऑफ स्पिनर दीप्ति (10 रन पर 5 विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी (21 रन पर 3 विकेट) और शैफाली वर्मा (22 रन पर 1 विकेट) ने भी दीप्ति का अच्छा साथ निभाया। सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली (41) पाकिस्तान की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाई।

### महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत का सर्वोच्च स्कोर

- 194/5 बनाम न्यूजीलैंड, प्रोविडेंस, 2018
- 172/3 बनाम श्रीलंका, दुबई, 2024
- 170/6 बनाम पाकिस्तान, बर्मिंघम, 2026
- 167/8 बनाम ऑस्ट्रेलिया, प्रोविडेंस, 2018
- 167/8 बनाम ऑस्ट्रेलिया, केपटाउन, 2023.

### हरमनप्रीत ने तोड़ा मिताली का रिकॉर्ड

हरमनप्रीत कौर ने इतिहास रच दिया। पाकिस्तान के खिलाफ 1 रन बनाते ही हरमनप्रीत ने मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरमनप्रीत कौर महिला टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बल्लेबाज बन गई हैं। भारत की बैटिंग पारी के चौथे ओवर में एक रन लेकर उन्होंने यह रिकॉर्ड तोड़ा। मिताली राज ने टी20 विश्व कप में 40.33 की औसत और 97.31 के स्ट्राइक-रेट से 726 रन बनाए थे। हरमनप्रीत ने अब 762 रन बना लिए हैं। स्मृति मंधाना इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। वहीं जेमिमा रोड्रिग्स चौथे और पूनम रावत 5वें स्थान पर हैं।




### भारत का पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा स्कोर

स्मृति ने इससे पहले दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 44 गेंद में 9 चौकों और 2 छक्कों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर (36 रन, 35 गेंद, 4 चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी भी की, जिससे भारत ने 6 विकेट पर 170 रन बनाए, जो टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ उसका सर्वोच्च स्कोर है। ऋचा घोष ने अंत में 17 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से 34 रन की पारी खेली और दीप्ति शर्मा (नाबाद 12) के साथ छठे विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंद में 45 रन की तेजतर्रार साझेदारी भी की।

### हाथ नहीं मिलाने की नीति पर कायम भारत

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रविवार को महिला टी20 विश्व कप में अपने पहले ग्रुप एक मैच से पहले टॉस के समय पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद से दोनों देशों की क्रिकेट टीमों ने टॉस और मैच के बाद 'हाथ नहीं मिलाने' की नीति अपनाई हुई है। इसकी शुरुआत दुबई में हुए एशिया कप के दौरान भारत के पूर्व टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने की थी। कोलंबो में हुए महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप मैच के दौरान भी हरमनप्रीत और फातिमा ने हाथ नहीं मिलाया था।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शैफाली का मुनीबा बो सादिया | 06 | 5 | 0 | 1 |
| स्मृति का फातिमा बो रमीन | 68 | 44 | 9 | 2 |
| जेमिमा का नतालिया बो रुबाब | 01 | 7 | 0 | 0 |
| हरमनप्रीत का नतालिया बो फातिमा | 36 | 35 | 4 | 0 |
| भारती स्टं मुनीबा बो सादिया | 01 | 3 | 0 | 0 |
| ऋषा घोष बो फातिमा | 34 | 17 | 5 | 1 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 12 | 9 | 1 | 0 |
| श्रेयंका पाटिल नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त: 11 कुल: 20 ओवर में 170/6 रन**
**गेंदबाजी:** सादिया 4-0-41-2, फातिमा 4-0-33-2, रुबाब 4-0-41-1, रमीन 4-0-30-1, संधू 4-0-25-0.

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मुनीबा अली रन आउट | 41 | 35 | 5 | 0 |
| फिरोजा का भारती बो दीप्ति | 12 | 9 | 2 | 0 |
| आयशा का स्मृति बो दीप्ति | 12 | 8 | 2 | 0 |
| सायरा का हरमनप्रीत बो श्रीचरणी | 02 | 3 | 0 | 0 |
| नतालिया का हरमनप्रीत बो श्रीचरणी | 07 | 13 | 0 | 0 |
| फातिमा का समृति बो शैफाली | 00 | 3 | 0 | 0 |
| आलिया का जेमिमा बो दीप्ति | 18 | 17 | 1 | 0 |
| रमीन का श्रेयंका बो श्रीचरणी | 04 | 6 | 0 | 0 |
| नाशरा का हरमनप्रीत बो दीप्ति | 04 | 5 | 0 | 0 |
| तस्मिया का जेमिमा बो दीप्ति | 00 | 2 | 0 | 0 |
| सादिया इकबाल नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त: 05 कुल:17 ओवर में 106/10 रन**
**गेंदबाजी:** अरुंधति 2-0-21-0, श्रेयंका 3-0-17-0, क्रांति 1-0-14-0, दीप्ति 4-0-10-5, श्रीचरणी 4-0-21-3, शैफाली 3-0-22-1.

**महिला टी20 वर्ल्ड कप**

# वेस्टइंडीज को जीत दिलाने के बाद रोने लगी शेमाइन

एजेंसी ▶▶| साउथम्पटन

- **वेस्टइंडीज का धमाल, न्यूजीलैंड को 7 विकेट से दी शिकस्त**

इंग्लैंड में खेले जा रहे आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में बतौर डिफेंडिंग चैंपियन उतरी न्यूजीलैंड को पहले ही मैच में बड़ा झटका लगा। न्यूजीलैंड की टीम को वेस्टइंडीज ने आसानी से सात विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही पिछली बार की विश्व चैंपियन न्यूजीलैंड की शुरुआत निराशाजनक रही।

वेस्टइंडीज के लिए गेंदबाजी में आलिया एलेन ने चार विकेट चटकाए, जबकि 163 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शेमाइन कैम्पबेल ने 62 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 90 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई।




### 162 रन ही बना सकी न्यूजीलैंड

साउथम्पटन के मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर इसाबेला ने 29 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 39 रन बनाए। हालांकि, जॉर्जिया और कप्तान ऐमेलिया केर कुछ खास नहीं कर सकीं। इसके बाद मध्यक्रम में ब्रूक हालीडे ने 32 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 40 रन बनाए, जबकि मैडी ग्रीन ने 22 गेंदों में 35 रन की उपयोगी पारी खेली। इन पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड की टीम छह विकेट के नुकसान पर 162 रन ही बना सकी। वेस्टइंडीज के लिए सबसे सफल गेंदबाज आलिया एलेन रहीं, जिन्होंने चार विकेट अपने नाम किए।

**खिलाड़ी की सफलता के पीछे कड़ी मेहनत : कोच मनीष ओझा**

# रोज 8 घंटे ट्रेनिंग, 100 ओवर की बैटिंग, तब तैयार हुआ 'वैभव'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के पिछले दो सत्र में वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक बल्लेबाजी ने भले ही सभी को हैरान कर दिया हो, लेकिन उनके बचपन के कोच मनीष ओझा के अनुसार उनके शॉट्स की यह ताकत और तकनीक छह साल की कठिन मेहनत और लगातार अभ्यास का नतीजा है। ओ झा ने कहा कि यह किशोर बल्लेबाज रोजाना लगभग 8 घंटे अभ्यास करता था और करीब 100 ओवर तक गेंदों का सामना करता था।

पटना स्थित अपनी अकादमी में 8 साल की उम्र से वैभव को प्रशिक्षण देने वाले कोच मनीष ओझा ने बताया कि खिलाड़ी की सफलता के पीछे कड़ी मेहनत के साथ-साथ माता-पिता संजीव और आरती का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि अब कई माता-पिता अपने छोटे बच्चों को अगला वैभव बनाने के उद्देश्य से अकादमियों में ला रहे हैं, लेकिन यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है। तो जब सूर्यवंशी ने टेनिस बॉल के बजाय हार्डबॉल से खेलना शुरू किया, तो 10 साल की उम्र से लेकर अब तक उन्होंने हर दिन औसतन कितनी गेंदें खेली होंगी? ओझा का जवाब चौकाने वाला था।




### खेली होगी हर दिन 600 से अधिक गेंदें : कोच ओझा

ओझा ने बताया, ' देखिए, हम गेंदों की गिनती नहीं करते, उन्होंने कितनी गेंदें खेलीं, लेकिन मैं आपको एक न्यूनतम अनुमान बता सकता हूं कि उन्होंने 600 से अधिक गेंदें खेली होंगी।' उन्होंने फिर प्रशिक्षण के दौरान एक दिन के 100 ओवरों का विवरण देते हुए कहा, 'मैं आपको बताता हूं कैसे। लगभग 200-300 गेंदों तक मैं खुद ही थ्रोडाउन देता था। जब मैं थक जाता था, तो दूसरे सहायक कर्मचारी मेरी मदद करते थे।' उन्होंने कहा, 'और जब वे थक जाते थे, तो हमारी अकादमी के गेंदबाज उनकी मदद करते थे। कभी-कभी वे खुद भी थक जाते थे।' ओझा ने कहा, 'इसमें नेट सत्र के दौरान गेंदें फेंकना, थ्रो डाउन करना और कभी-कभी बॉलिंग मशीन का सामना करना शामिल था। यह अभ्यास सुबह 7:30 बजे शुरू होता था और शाम 4 बजे तक चलता था।'

# बांग्लादेश ने नीदरलैंड को 6 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| एजबेस्टन



महिला टी20 विश्व कप 2026 में ग्रुप ए का मुकाबला रविवार को नीदरलैंड और बांग्लादेश के बीच खेला गया। बांग्लादेश ने नीदरलैंड पर 6 विकेट की जीत के साथ विश्व कप में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 139 रन बनाए थे। टीम के लिए सबसे ज्यादा 50 रन कप्तान बैबेट डी लीडे ने बनाए। 45 गेंदों की पारी में उन्होंने 5 चौके लगाए। इसके अलावा, हीथर सीगर्स ने 16, रॉबिन रिज्के और आइरिस ज्विलिंग ने 13-13 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से मारुफा अख्तर ने 4 ओवर में 31 रन देकर 2, फारिहा तृष्णा, शंजीदा अख्तर मेघला, राबेया खान, और रितू मोनी ने 1-1 विकेट लिए। बांग्लादेश ने 19.1 ओवर में 4 विकेट पर 141 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया।




# कोलकाता की सड़कों से दुनिया का स्टार बना अलोका



**कोलकाता।** कभी कोलकाता एयरपोर्ट के आसपास सड़कों पर घूमने वाला एक आवारा कुत्ता आज पूरी दुनिया में प्यार, शांति और इंसानियत का संदेश दे रहा है। इस स्पेशल कुत्ते का नाम अलोका है। चार साल का अलोका भारतीय नस्ल का परिया डॉग है। अलोका के माथे पर दिल के आकार का एक प्राकृतिक निशान बना हुआ है, जो उसे और भी खास बनाता है। इन दिनों अलोका की कहानी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। हाल ही में दुनिया के कई देशों की यात्रा करने के बाद आलोका भारत लौटा, तो दिल्ली में उसका भव्य स्वागत किया गया।

### दुनियाभर में फैलाया शांति का संदेश

अमेरिका पहुंचने के बाद भी अलोका का सफर नहीं रुका। उसने टेक्सास के फोर्ट वर्थ से लेकर वॉशिंगटन डीसी तक, 10 से ज्यादा राज्यों में करीब 3,700 किलोमीटर की यात्रा की। इस दौरान वह लोगों से मिलकर शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता रहा। अलोका ने श्रीलंका और थाईलैंड की भी यात्रा की। उसके शांत स्वभाव, धैर्य और लोगों के प्रति अपनापन ने लाखों लोगों का दिल जीत लिया।

### मेनका गांधी ने कही बड़ी बात

पशु अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने कहा कि अलोका की कहानी भारत के लोगों की सोच बदल सकती है। उनका कहना है कि अगर लोग हर गली के कुत्ते में अलोका जैसी वफादारी, साहस और प्यार को देखना शुरू कर दें, तो आवारा कुत्तों के प्रति उनका भी व्यवहार बदल जाएगा।

# अंतरिक्ष में मिला पृथ्वी जैसा 'नीला ग्रह'! यहां बरसता है कांच

**ब्रह्मांड रहस्यों से भरा पड़ा है और हाल ही में वैज्ञानिकों ने एक ऐसी खोज की है, जिसने सबको हैरान कर दिया है। अंतरिक्ष में पृथ्वी की तरह दिखने वाला एक खूबसूरत गहरा नीला ग्रह मिला है, जिसका नाम 'एचडी 189733बी' है। दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानो वहां हमारी धरती की तरह समंदर और पानी की बूंदें मौजूद हों, लेकिन असलियत इसके बिल्कुल उलट है।**



**कदम रखते ही पिघल जाएगा इंसान**

**वॉशिंगटन।** यह खूबसूरत दिखने वाला ग्रह असल में अंतरिक्ष की सबसे खौफनाक और जानलेवा जगहों में से एक है। वैज्ञानिकों के मुताबिक इस एलियन प्लैनेट पर पानी की नहीं, बल्कि पिघले हुए कांच की बारिश होती है और यहां का समय चक्र इतना तेज है कि यहां का पूरा एक साल हमारे एक वीकेंड से भी छोटा होता है। हमारी पृथ्वी को सूर्य का एक चक्कर लगाने में पूरे 365 दिन का समय लगता है, जिसे हम एक साल कहते हैं। लेकिन इस रहस्यमयी नीले ग्रह 'एचडी 189733बी' की कहानी बिल्कुल अलग है। यह ग्रह अपने मुख्य तारे के बेहद करीब मौजूद है। इसी वजह से यह मात्र दो दिनों के अंदर ही अपने तारे का एक चक्कर पूरा कर लेता है। इसका मतलब यह हुआ कि इस ग्रह पर पूरा एक साल हमारे शनिवार और रविवार यानी एक वीकेंड से भी पहले खत्म हो जाता है। अंतरिक्ष विज्ञान के इतिहास में इतनी तेजी से घूमने वाले ग्रह बहुत कम देखे गए हैं।

### आखिर क्यों नीला दिखाई देता है यह ग्रह?

साल 2005 में खोजे गए इस ग्रह को जब नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप से देखा गया, तो इसका रंग गहरा कोबाल्ट नीला दिखाई दिया। शुरुआत में लोगों को लगा कि यहां पृथ्वी की तरह महासागर हो सकते हैं। लेकिन रिसर्च में सामने आया कि इसके नीले रंग का कारण पानी नहीं बल्कि इसके वायुमंडल में मौजूद सिलिकेट के छोटे-छोटे कण हैं। ये सिलिकेट कण लाल रंग के मुकाबले नीले प्रकाश को बहुत तेजी से फैलाते हैं, जिससे पूरा ग्रह अंतरिक्ष से चमकीला और नीला दिखाई देता है।



### बंदूक की गोली से तेज चलती हैं हवाएं

इस ग्रह पर सिर्फ कांच की बारिश ही आफत नहीं है, बल्कि यहां चलने वाली हवाएं भी तबाही मचाती हैं। इस प्लैनेट पर हवा की रफ्तार करीब 7,000 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच जाती है, जो ध्वनि की गति से भी कई गुना तेज है। इतनी तेज आंधी आसमान से गिरने वाले पिघले कांच को हवा में ही चारों तरफ गोलियों की रफ्तार से फैला देती है।

### जहां होती है पिघले हुए कांच की बारिश

इस ग्रह का मौसम इतना खतरनाक है कि कोई इंसान यहां एक सेकंड भी जिंदा नहीं बच सकता। इसके वायुमंडल में मौजूद सिलिकेट के कण अत्यधिक गर्मी के कारण पिघलकर कांच की बूंदों का रूप ले लेते हैं।

# बैटफिश है समंदर की फैशन क्वीन!

**नई दिल्ली।** समुद्र की गहराइयों में रहने वाली रेड-लिप्ड बैटफिश अपनी चमकीले लाल होंठों और अनोखी चाल के लिए दुनिया भर में मशहूर है। यह मछली तैरने के बजाय समुद्र की तलहटी पर चलना पसंद करती है और अपने खास शिकार करने के तरीके से भी वैज्ञानिकों को हैरान करती है। गालापागोस द्वीपों के आसपास पाई जाने वाली यह अनोखी प्रजाति प्रकृति के सबसे अद्भुत जीवों में से एक मानी जाती है। इंसान ने आज भले ही खुद को कितना भी विकसित क्यों ना कर लिया हो, लेकिन आज भी वो समंदर के बहुत छोटे हिस्से के बारे में ही जान पाया है। समंदर की अथाह गहराइयों में ऐसे कई जीव रहते हैं, जो अपनी विचित्र बनावट और अनोखी लाइफस्टाइल के कारण वैज्ञानिकों और नेचर लवर को हैरान कर देते हैं। इन्हीं अनोखे जीवों में से एक है रेड-लिप्ड बैटफिश। पहली नजर में इसे देखकर ऐसा महसूस होता है ,मानो किसी ने इसके होंठों पर चमकीली



**प्रकृति ने इसे शिकार करने के लिए दिया है खास हथियार**

लाल लिपस्टिक लगा दी हो। यही अनोखी विशेषता इसे दुनिया की सबसे दिलचस्प समुद्री मछलियों में शामिल करती है। हम बात कर रहे हैं रेड-लिप्ड बैटफिश के बारे में, जिसका साइंटिफिक नेम ओगकोसेफेलस डार्विनी है। ये मछली प्रशांत महासागर में स्थित गालापागोस द्वीपों के आसपास के समुद्री क्षेत्रों में पाई जाती है।

इसका नाम 'बैटफिश' इसलिए रखा गया, क्योंकि इसका सिर चौड़ा और चपटा होता है। इस मछली की सबसे रोचक बात यह है कि यह नॉर्मल मछलियों की तरह लगातार तैरती नहीं रहती। जहां ज्यादातर मछलियां अपने पंखों की सहायता से पानी में तैरती हैं, वहीं रेड-लिप्ड बैटफिश समुद्र की तलहटी पर चलना अधिक पसंद करती है।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में

जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH

पेट एवं लीवर रोग विभाग
- दर्दरहित इण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इण्डोस्कोपिक-सोनोग्राफी एवं ई.आर.सी.पी. का एडवांस सेंटर
- गैस, कब्जियत, पेट दर्द, उल्टी, ज्वाइंडिस (पीलिया), एनीमिया
- लीवर एवं एल्कोहल जनित रोगों हेतु ICU सुविधा (प्लास्मा फेरेसिस सुविधा के साथ)
- पैनक्रियाटायटिस एवं इन्फ्लामेट्री बोवेल डिसीज का उच्च स्तरीय उपचार
- पैनक्रियास, लीवर, पेट, आंत एवं गॉल ब्लेडर आदि के कैंसर की एडवांस सुविधा

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध

डॉ. भाविक शाह
Dr. NB (Gastro), MRCP-SCE, UK (Gastro), MNAMS
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737




Terms & Conditions apply. *Loan approval is at the sole discretion of the financier and may require additional documentation. *Interest rate, loan amount, down payment, tenure, and EMI are subject to the applicant's credit profile. *Certain scheme benefits cannot be combined. *Offers/features may be modified or withdrawn without prior notice. *All offers valid till 30th June 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000–₹10000) on all HMSI models. #Applicable on HDFC Bank Credit Card EMI transactions (Minimum Transaction: ₹20000; Tenure: 6 to 24 months). #Valid only on transactions processed through Pine Labs machines. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #Instant Cashback offer valid till 30th June 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Chhattisgarh. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **RAIPUR:** A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 9755887766; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; **AARANG:** V Shree Honda - 9993908971; **ABHANPUR:** Patel Honda - 9009328660; **BAGBHARA:** Sri Sai Honda - 7697767777; **BALODA BAZAR:** Kiran Honda - 7049518181; **BASNA:** Laxmi Honda - 9174137571; **BEERGAON:** Vishwanath Honda - 9300133077; **BEMETARA:** Sri Rama Honda - 8827050000; **BHAKARA:** Nitesh Honda - 9907975628; **BHATAPARA:** Kiran Honda - 9111353292; **BHATGAON:** Kiran Honda 9753264986; **BHILAI:** Aan Honda (Nehru Nagar) - 8518020999; Aan Honda (Powerhouse) - 8518020777; **BIJAPUR:** Ansh Honda - 9424299203; **CHARODA:** Rahul Honda - 9827193194; **CHARAMA:** Neeraj Honda - 9425230052; **CHUIKHADAN:** Shri Radhey Honda - 9691692500; **DALLIRAJHARA:** Shri Subh Honda - 9406082344; Shri Subh Honda (Balod) - 9425564232; **DHAMTARI:** ShriShyam Honda - 9827900750; **DHARSIVA:** R S.Honda - 9669880000; **DONGARGARH:** Gagan Honda - 9425560030; **DURG:** Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; Tanay Honda (Jamul) - 9201837830; Umang Honda (Kumhari) - 8817327307; **FINGESHWAR:** Bangani Honda - 9425402966; **GIDHORI:** Subhkamana Auto - 9575569608; **GUNDERDEHI:** Sapan Honda - 7354340000; **GURUR:** Baba Honda - 9827936712; Shri Ji Honda - 7000167266; **JAGDALPUR:** Waheguru Honda - 8435090005; **KONDAGAON:** Danteshwari Honda - 9294566660; **KANKER:** Shivnath Honda - 7970005301; **KASDOL:** Laxmi Honda - 8871233553; **NARAYANPUR:** Shri Ji Honda - 9406341563; **SUKMA:** Akash Honda - 9424287457; **PHARASGAON:** Shri Deo Honda - 9993861735; **LAWAN:** Kiran Honda 8889415022; **SANDI:** Kiran Honda 9039006981; **LIMTARA:** Mahalaxmi Honda - 7047015877; **SARSIWA:** Pratham Honda - 8770799808; **SIMGA:** Shiv Honda - 8319973368; **SUHELA:** Rajju Honda - 8819986810; **KESHKAL:** Chattishgarh Honda - 9993293467; **KHAIRAGARH:** Akshat Honda - 9406534734; **KURUD:** Shri Shyam Honda - 07705223590; **MAGALOAD:** Dewangan Honda - 9098136447; **MAHASAMUND:** Sri Aryan Honda - 8120070000; **NAGRI:** Nahta Honda - 9424211105; **NAWAGARH:** Raja Honda - 9826067896; **PALARI:** Shri Ram Honda - 9669537645; **PAKHANJUR:** Disha Honda - 6261666932; **PANDUKA (GARIABAND):** Shresth Honda - 8109902966; **RAJIM:** Gulab Honda - 8839708788; **RAJNANDGAON:** Anshdeep Honda - 9425559359; Manraj Honda - 8435999991; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; **SEJBAHAR:** R.S Honda - 9754123000; **KHARORA:** B.K Honda - 9867224777; **TILDA:** Agrawal Honda - 9424200104; **UTAI:** Ganpati Honda - 09926083389; **SARAIPALI:** Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com